वर्ष : 27 अंक : 25 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 15 जनवरी, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


महाकुंभ 2025

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच





# 5 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** प्रयागराज में श्रद्धालुओं ने 45 दिवसीय महाकुंभ 2025 के तीसरे दिन गंगा, यमुना और 'रहस्यमय' सरस्वती नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम घाट पर डुबकी लगाई। पहले दो दिनों में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया है। मकर संक्रांति के अवसर पर पहले अमृत स्नान पर 3.5 करोड़ से अधिक की भीड़ रही।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मे 13 जनवरी से शुरू हुए 45 दिवसीय महाकुंभ के तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाना जारी रखा। पृथ्वी पर मनुष्यों की सबसे बड़ी भीड़ माने जाने वाले इस कुंभ के पहले दो दिनों में पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टरों से भव्य पुष्प वर्षा का आयोजन किया, जिसमें संगम तट पर मौजूद लाखों श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गईं।

## हृदय से आभार व्यक्त करता हूं : सीएम योगी



"मुख्यमंत्री ने महाकुंभ के प्रथम अमृत स्नान के सफल आयोजन में शामिल सभी विभागों एवं संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुंभ मेला प्रशासन, स्थानीय अधिकारियों, पुलिस प्रशासन, सफाई कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## 10 देशों के 21 सदस्यीय दल महाकुंभ का करेगें भ्रमण



**महाकुंभनगर (ब्यूरो)।** विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आयोजित 10 देशों का 21 सदस्यीय अंतर्राष्ट्रीय दल आज(15 जनवरी 2025) को प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेगे। इस दल के आवास की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है, जिसे उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा निर्मित किया गया है। आज शाम को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कोहरे में भिड़ीं दो बसें, यमुना एक्सप्रेस-वे पर 100 बकरों की मौत





**नई दिल्ली /नोएडा (चेतना मंच)।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में बुधवार सुबह घना कोहरा देखने को मिला है। साथ ही दो दिन बारिश को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही यलो अलर्ट जारी किया है। कोहरे की वजह से सड़क पर गाड़ियों की रफ्तार पर असर देखने को मिला। इसके अलावा ट्रेन और फ्लाइट्स पर भी असर दिखा। आईजीआई हवाई अड्डे पर 100 मीटर तक घना कोहरा छाया रहा। नोएडा में कोहरे के कारण दो वॉल्वो बस टकरा गईं।

वहीं अलीगढ़ मे कोहरे के कारण यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक हादसा हुआ है। जिसमें 100 बकरों की मौत हो गई और 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कोहरे के कारण आधा दर्जन वाहन आपस में टकरा गए हैं। जानकारी के मुताबिक एक ट्रक में भरे 230 बकरों में से 100 बकरों की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सोसायटी के गार्डों पर फायरिंग करने वाला पब ऑनर गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राधा स्काई गार्डन सोसाइटी में पार्किंग के विवाद में सिक्योरिटी गार्ड पर फायरिंग करने वाले रेजिडेंट्स को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि सोसायटी में रहने वाले गौरव सिसोदिया निवासी राधा स्काई गार्डन का पार्किंग के विवाद को लेकर मेंटेनेंस के गार्डों के साथ विवाद हो गया था, जिस पर गौरव सिसोदिया के द्वारा अपने लाइसेंसी शस्त्र से एक हवाई फायर किया गया था। (शेष-3 पर)

# न्यूड फोटो व वीडियो बनाकर किया ब्लैमेल



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कंपनी में साथ काम करने वाले सहकर्मी से नजदीकी बढ़ाना एक युवती को खासा महंगा पड़ा। युवक ने अंतरंग पलों के फोटो व वीडियो बनाकर युवती को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवक की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया है।

नोएडा की एक नामी कंपनी में काम करने वाली प्रीति (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में रिपोर्ट में बताया कि कंपनी में काम करने के दौरान उसकी दोस्ती अमेठी निवासी अंशुल दुबे के साथ हुई। थोड़े समय में ही यह दोस्ती प्रगाढ़ हो गई और दोनों के बीच काफी नजदीकियां बढ़ गई। इस दौरान अंशुल दुबे ने उसके न्यूड फोटो व वीडियो बना लिए।

अश्लील फोटो की बदौलत अंशुल दुबे उसे ब्लैकमेल करने लगा। उसने जब अंशुल दुबे से रिश्ता खत्म कर दिया तो उसने उसे बदनाम करने के उद्देश्य से फोटो व वीडियो अपने दोस्तों में वायरल कर दिए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। फरार चलने के कारण पकड़े गए बदमाश पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा 10 हजार रुपए का इनामी उत्तम कुमार पुत्र शशि भूषण बहलोलपुर अंडरपास के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया उत्तम कुमार अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी कॉल सेंटर के माध्यम से लोगों को विभिन्न फाइनेंस कंपनी से लोन व गैस एजेंसी दिलवाने के नाम पर विज्ञापन भेजता था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# बीएसएफ कर्मी व पिता पर दबंगों ने बोला हमला



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कुलेसरा के अक्षरधाम कॉलोनी में बीएसएफ कर्मी व उसके पिता के साथ मारपीट करने के आरोप में चार पड़ोसियों के खिलाफ थाना ईकोटेक 3 में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीएसएफ कर्मी की पत्नी ने पड़ोसियों पर जाति सूचक शब्दों का भी प्रयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि पड़ोसी आए दिन उसके साथ मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हैं।

कुलेसरा के अक्षरधाम कॉलोनी में रहने वाली मंजू (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके पतिअजीत कुमार बीएसएफ में कार्यरत हैं। घर पर वह अपने सास ससुर के साथ रहती है। उसके पड़ोस में रहने वाली मंजू उसका बेटा सोनू व सौरभ अक्सर उसके साथ बदतमीजी करते थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दबंगों ने पड़ोसी के घर पर की फायरिंग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम मिल्क खटाना में एक दबंग व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के घर के बाहर गाली गलौज कर अवैध असलहे से फायरिंग की। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मिल्क खटाना निवासी नरेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 1 जनवरी की रात्रि को वह अपने घर में सो रहा था। रात्रि करीब 12.30 बजे घर के (शेष पृष्ठ-3 पर)

## राजेश भारद्वाज बने व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसो. के चेयरमैन



**नोएडा (चेतना मंच)।** डीसीआई के अध्यक्ष (कॉरपोरेट अफेयर्स एंड कम्युनिकेशंस) राजेश भारद्वाज को व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन व् का नया चेयरमैन बनाया गया है। यह घोषणा व्हीलचेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा डीसीसी आई के संयुक्त सचिव स्क्वाड्रन लीडर रिटायर्ड अभय प्रताप सिंह ने की है। उन्होंने राजेश भारद्वाज के नोएडा स्थित आवास में जाकर चेयरमैन बनाए जाने का उन्हें नियुक्ति पत्र भी सौंपा।

नई जिम्मेदारी मिलने पर राजेश भारद्वाज ने सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम बाबा तथा डीसीसी आई के मुख्य संरक्षक महाराज प्रताप सिंह चौहान तथा गुरु स्वामी सत्य प्रकाश आनंद सरस्वती के आशीर्वाद से यह पद मिला है कृष भारद्वाज ने 4 जनवरी 2024 को डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल आफ इंडिया (डीसीसी आई) के अध्यक्ष (कॉरपोरेट अफेयर्स एवं कम्युनिकेशंस) का पद पर पदभार संभाला था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को लेकर दो धड़ों में बंटी भाजपा!

**चेतना मंच**

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी में गौतमबुद्धनगर के जिलाध्यक्ष तथा नोएडा महानगर अध्यक्ष को लेकर जोर आजमाइश काफी घमासान तथा रोचक हो गई है। आलम यह है कि जिलाध्यक्ष तथा नोएडा महानगर अध्यक्ष को लेकर भाजपा संगठन खुले तौर पर दो धड़ों में बंटा नजर आ रहा है।

पार्टी के विश्वसनीय सूत्रों की मानें तो जिलाध्यक्ष के लिए 31 दावेदरों ने नामांकन किये हैं। जिसमें अब मुख्य मुकाबला वर्तमान जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी तथा अभिषेक शर्मा के बीच माना जा रहा है। दोनों ही धड़ों के केन्द्र में पार्टी के स्तंभ माने जाने वाले दो प्रमुख नेता बताये जा रहे हैं। एक धड़ा ब्राहमण दावेदार अभिषेक शर्मा को अध्यक्ष बनाने के लिए पुरजोर कोशिश कर रहा है। जबकि दूसरा धड़ा गजेन्द्र मावी के पक्ष में खुलेआम पैरोकारी कर रहा है।

पार्टी के गर्जुर बिरादरी के शीर्ष नेता व अधिकांश पदाधिकारी गजेन्द्र मावी को अध्यक्ष बनाना चाह रहे हैं। इस धड़े के समर्थन में कई ब्राहमण दावेदार तथा अन्य बिरादरी के दावेदार भी हैं। जबकि अभिषेक शर्मा के पक्ष में पार्टी के दो शीर्ष ब्राहमण नेता पैरोकारी कर रहे हैं। इसमें से किस धड़े का पलडा भारी रहेगा इसका खुलासा चंद दिनों में हो जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### चुनाव अधिकारी की निष्पक्षता पर उठे सवाल



जिले के चुनाव अधिकारी विजय शिवहरे की विश्वसनीयता तथा निष्पक्षता पर भी पार्टी के दावेदार तथा एक मजबूत धड़ा सवालिया निशान लगा रहा है। इस धड़े का तर्क है कि जब पार्टी संगठन ने अध्यक्ष पद के लिए 45-60 वर्ष के बीच की आयु तय कर दी तो किस आधार पर 41 वर्षीय अभिषेक शर्मा का नामांकन स्वीकार किया गया। इसे स्पष्ट है कि पार्टी अपने ही बनाये नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। इसके चुनाव अधिकारी किसी दबाव में पक्षपक्षपूर्ण कार्य कर रहे हैं। विरोधी खेमे द्वारा पार्टी हाईकमान को भी इसकी शिकायत की गई बताई जा रही है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में 'नेवला' घायल



**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-49 पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से लुटेरा घायल हो गया। इसके पास से तमंचा, कारतूस, लूटा गया मोबाइल फोन व चोरी की बाइक बरामद हुई है।

नोएडा जोन के एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर-49 प्रभारी पुलिस टीम के साथ सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन के पास संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान एक बाइक सवार को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार रुकने के बजाय भाग निकला। पुलिस द्वारा पीछा करने पर हड़बड़ाहट में उसकी बाइक स्लिप होकर गिर गई। खुद को घिरा देखकर बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में गोली बदमाश के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : Highly Qualified And Trained Faculty, well Quipped Labs, CCTV Controlled Environment, Activity Based Learning, Well Equipped Library, GPS Enable Buses

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *निःशुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस



# आस्थ की डुबकी

प्रयागराज के संगम पर आयोजित होने वाला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम आज मकर संक्रांति पर पहले शाही स्नान से परवान चढ़ेगा। विराट आस्था का प्रतीक यह महापर्व सदियों से पूरी दुनिया के लिये कौतुक का विषय रहा है। ह्वेनसांग से लेकर दुनिया के चोटी के पत्रकारों ने आस्था के इस सैलाब को अवर्णनीय बताया है। पूरी दुनिया हैरत में रहती है कि कैसे बिना चिट्ठी-तार के करोड़ों लोग महाकुंभ में जुटते हैं। संतों के अखाड़े और श्रद्धालुओं का सैलाब महाकुंभ को विशिष्ट बनाता है। देश के कोने-कोने से जुटे कल्पवासी गंगा,जमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर मोक्ष की आकांक्षा से जुटते हैं। अनुमान है कि इस बार 40 से 45 करोड़ लोग डेढ़ माह तक चलने वाले महाकुंभ में जुटेंगे। यूं तो पूर्णकुंभ व अर्धकुंभ का आयोजन होता है लेकिन महाकुंभ का आयोजन सिर्फ प्रयागराज में ही आयोजित होता है, जिसके लिये उ.प्र. सरकार ने इस बार सात हजार करोड़ रुपये का बजट रखा है। सही मायनों में ये शासन की प्रशासन क्षमता की भी परीक्षा है कि कैसे 25 सेक्टरों में बंटे इस आयोजन को विघ्न-बाधाओं से मुक्त बनाया जाता है। राजयोग स्नान को शाही स्नान कहा जाता है। पहला शाही स्नान आज मकर संक्रांति को, दूसरा 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीसरा शाही स्नान तीन फरवरी को बसंत पंचमी को आयोजित होगा। 14वीं से 16वीं सदी के बीच आम लोगों व संतों के बीच टकराव टालने के लिये शाही स्नान की परंपरा शुरू हुई थी। कालांतर संतों व अखाड़ों को विशिष्ट सम्मान देने के लिये हाथी, घोड़ों व रथों पर पेशवाई निकाली जानी शुरू हुई, जिसे शाही स्नान की संज्ञा दी गई। सोमवार से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलने वाले इस महाकुंभ स्थल पर हर तरफ तंबुओं में बसा एक शहर नजर आ रहा है। जिसकी आबादी दुनिया के कई देशों से अधिक होगी। आस्था के इस संगम पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्रशासन क्षमता की भी अगले कुछ सप्ताहों में परीक्षा होने वाली है। यूं तो महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिये चप्पे-चप्पे पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षा बलों का जमावड़ा है, वज्रवाहन, ड्रोन, बम निरोधक दस्तों के साथ ही एनएसजी के सदस्य मौजूद हैं। लेकिन पहली बार महाकुंभ की सबसे बड़ी खासियत इसका डिजिटल तकनीक से संचालन है। इसीलिए इस महाकुंभ को डिजिटल महाकुंभ भी कहा जा रहा है। जिसके लिये महाकुंभ मेला ऐप, एआई चैटबॉट और क्यूआर कोड का सहारा लिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। नई तकनीक के माध्यम से खोये लोगों को तलाशने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने विभिन्न राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बारह भाषाओं वाला महाकुंभ मेला ऐप उपलब्ध कराया है। यह ऐप यात्रियों को अपनी योजना को बेहतर ढंग से संचालित करने में मदद करेगा। जिसमें टेंट सिटी की जानकारी, गूगल नेविगेशन, पर्यटकों की मार्गदर्शिका, आपातकालीन सेवाओं की जानकारी श्रद्धालुओं को दी जा सकेगी। इसमें रोज के अपडेट्स भी शामिल होंगे। उम्मीद है कि इस बार बनाये गए दस डिजिटल खोया-पाया केंद्र बिछुड़ने वालों को परिवार से मिलाने में मददगार होंगे। जिसकी जानकारी मेला क्षेत्र के कोने-कोने मे लगी एलसीडी पर उपलब्ध रहेगी। साथ ही इस कार्य में सोशल मीडिया में फोटो व वीडियो डालकर भी मदद की जाएगी। वहीं यात्रियों की मदद के लिये कई तरह के क्यूआर कोड बनाए गए हैं। जिसमें हरे रंग के क्यूआर कोड के जरिये पुलिस,प्रशासन व अन्य आपातकालीन सेवाओं के सभी नंबरों को पाया जा सकेगा। इतना ही नहीं, मेला क्षेत्र में मैपिंग के लिये उत्तर प्रदेश सरकार ने गूगल से भी समझौता किया है। जिससे श्रद्धालु विभिन्न घाटों व मंदिरों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जिसमें सैकड़ों एआई संचालित कैमरे खासे मददगार होंगे। वहीं दूसरी ओर मेले क्षेत्र की निगरानी में एआई तकनीक की मदद ली जा रही है। सुरक्षा के लिये एंटी ड्रोन तकनीक का भी उपयोग होगा। इस दौरान तेरह हजार विशेष ट्रेनों के संचालन और सात हजार बसों के जरिये श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनायी जा रही है। उम्मीद है महाकुंभ का आयोजन निर्विघ्न संपन्न हो सकेगा।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि शिवजी के रसीले और सुहावने चरित्र को सुनकर मुनि भरद्वाजजी ने बहुत ही सुख पाया। कथा सुनने की उनकी लालसा बहुत बढ़ गई। नेत्रों में जल भर आया तथा रोमावली खड़ी हो गई॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**प्रेम बिबस मुख आव न बानी। दसा देखि हरषे मुनि ग्यानी॥**
**अहो धन्य तब जन्मु मुनीसा। तुम्हहि प्रान सम प्रिय गौरीसा॥**

वे प्रेम में मुग्ध हो गए, मुख से वाणी नहीं निकलती। उनकी यह दशा देखकर ज्ञानी मुनि याज्ञवल्क्य बहुत प्रसन्न हुए (और बोले-) हे मुनीश! अहा हा! तुम्हारा जन्म धन्य है, तुमको गौरीपति शिवजी प्राणों के समान प्रिय हैं॥

**सिव पद कमल जिन्हहि रति नाहीं। रामहि ते सपनेहुँ न सोहाहीं॥**
**बिनु छल बिस्वनाथ पद नेहू। राम भगत कर लच्छन एहू॥**

शिवजी के चरण कमलों में जिनकी प्रीति नहीं है, वे श्री रामचन्द्रजी को स्वप्न में भी अच्छे नहीं लगते। विश्वनाथ श्री शिवजी के चरणों में निष्कपट (विशुद्ध) प्रेम होना यही रामभक्त का लक्षण है॥

**सिव सम को रघुपति ब्रतधारी। बिनु अघ तजी सती असि नारी॥**
**पनु करि रघुपति भगति देखाई। को सिव सम रामहि प्रिय भाई॥**

शिवजी के समान रघुनाथजी (की भक्ति) का व्रत धारण करने वाला कौन है? जिन्होंने बिना ही पाप के सती जैसी स्त्री को त्याग दिया और प्रतिज्ञा करके श्री रघुनाथजी की भक्ति को दिखा दिया। हे भाई! श्री रामचन्द्रजी को शिवजी के समान और कौन प्यारा है?॥

(क्रमशः..)

# अखबारों की सुर्खी नहीं बना प्रवासी सम्मेलन




*भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।*

आठ से दस जनवरी तक चला 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन अखबारों की सुखियां भी नही बन सका। उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर में हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन की कामयाबी पर न लेख लिखे गए न संपादकीय। ये सम्मेलन एक रूटिन का कार्यक्रम ही बन कर रह गया। सरकार ये वह भी नही बताया कि देश की विकास याजनाओं में बाधक देश में फैले भ्रष्टाचर को रोकने की उसकी क्या योजनाएं हैं? प्रवासी भारतीयों के भारत के विकास में योगदान के लिए आने वाले प्रोजेक्ट की अनुमति आदि की मानिटरिंग के लिए उच्च स्तर पर इसकी देखरेख करने के लिए क्या करने का इरादा हैं? उच्च स्तर पर ये भी देखा जाए कि प्रोजेक्ट की अनुमति में अनावश्यक विलंब तो नहीं किया जा रहा? रिश्वत की चाहत में उद्योगपति को परेशान तो नहीं किया जा रहा?

इस बार के प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का विषय- 'विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान' जरूर रहा किंतु इसमें न कोई निर्णय हुए न कोई विशेष प्रस्ताव। प्रवासियों को भारत के चुनाव में मत देने का अधिकार है, किंतु न वे वोट बनवाने में रूचि रखते हैं, न वोट डालने में। उनसे वोट बनवाने और देश के विकास के लिए अपनी सरकार बनाने के लिए वोट करने की अपील की जा सकती थी किंतु वह भी नहीं की गई। 2003 से मनाना शुरू हुई प्रवासी सम्मेलन अभी तक एक औपचारिकता ही लगा।

भुवनेश्वर में इस प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की शुरुआत बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर के उदबोधन से हुई। उन्होंने प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से %विकसित भारत% के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। ओडिशा को असीमित अवसरों की भूमि बताते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने गुरुवार को प्रवासी भारतीयों से राज्य की विकास यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया।

इस प्रवासी भारतीय दिवस के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए सीएम माझी ने कहा, ओडिशा सिर्फ़ अपने गौरवशाली अतीत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं जाना जाता; यह भविष्य के लिए असीम अवसरों की भूमि है। ओडिशा के निवेशक-अनुकूल वातावरण पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य अब भारत में निवेश के लिए सबसे स्वागत योग्य स्थलों में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आप सभी से इन अवसरों का लाभ उठाने और अपनी मातृभूमि के विकास और समृद्धि में योगदान देने का आग्रह करता हूं। वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य के रूप में, आप दुनिया के लिए हमारे राजदूत हैं। मैं आपको ओडिशा और भारत के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में हमारे साथ हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करता हूं। हम सब मिलकर 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ को जनवरी, सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व भारत की बात सुनता है, तथा देश अपनी विरासत के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह बताने में सक्षम है कि भविष्य युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में निहित है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को भी हरी झंडी भी दिखाई। यह भारतीय प्रवासियों के लिए स्पेशल टूरिस्ट ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से चली और तीन सप्ताह तक कई टूरिस्ट प्लेसेज तक जाएगी। विदेश मंत्रालय की प्रवासी तीर्थ दर्शन योजना के तहत इसका संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के लिए 70 देशों से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि ओडिशा पहुंचे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को सम्मेलन में चार प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया, जिनमें भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और प्रवासी भारतीयों के योगदान को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस, भारत और उसके प्रवासियों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने वाली एक संस्था बन चुकी है। पीएम मोदी ने उल?लेख किया कि हम सब मिलकर भारत, भारतीयता, अपनी संस्कृति और प्रगति का उत?सव मनाते हैं और साथ ही अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 10 जनवरी के समापन सत्र में प्रवासी भारतीयों को संबाधित किया। और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है।

दुनिया भर से आए सैकड़ों प्रवासी भारतीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए भुवनेश्वर के जनता मैदान में एकत्र हुए। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत और इस आयोजन की तैयारियों को लेकर ओडिशा की सराहना की। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि यह आयोजन राज्य की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहा है।

पचास वर्षों से स्लोवेनिया में रहने वाली एक प्रवासी भारतीय कोकी वेबर ने इस आयोजन में शामिल होने को लेकर खुशी जाहिर की। वह नमस्ते नाम का एक कारोबार चलाती हैं, जिसमें भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने कहा, मैं भारतीय हस्तशिल्प से बने चमड़े के सामान, रेशमी स्कार्फ, अगरबत्तियां और इनर गारमेंट्स बेचती हूं, जो सभी भारत में बने होते हैं। कोकी ने ओडिशा को भारत का एक छिपा हुआ रत्न बताया।

इस सम्मेलन के आयोजन से पूर्व सरकार द्वारा वह नही बताया गया कि अब तक आयोजित 17 प्रवासी सम्मेलन की उपलब्धि क्या है। इसके माध्यम से देश में कितने उद्योग आए।कितनी भारतीय प्रतिभाएं स्वदेश वापिस लौटी। हालांकि यह सर्व विदित है कि प्रवासी भारतीय पहले के मुकाबले अब सूदूर देश में अपने को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं। वे मानते हैं कि मुसीबत की घड़ी में उनका देश और वहां की सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी होगी और भरसक मदद करेगी।

इस सम्मेलन में केंद्र द्वारा प्रवासियों से भारत के विकास में योगदान की अपील के साथ यह नही बताया गया कि वे देश विकास का माहौल बनाने के लिए क्या कर रहा है। हाल में एक सर्वे में दावा किया गया है कि 100 में से 66 लोगों को अपना काम कराने के लिए सरकारी तंत्र को रिश्वत देनी पड़ती है। चलते देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने की सिंगल विंडो क्लियरेंस और ईज आफ डुइंग बिजनेस जैसे प्रयासों को पलीता लग रहा है। एक सर्वे में यह बात सामने आई है कि करीब 66 प्रतिशत कंपनियों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए रिश्वत देनी पड़ती है। कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सप्लायर क्वॉलीकेशन, कोटेशन, ऑर्डर प्राप्त करने तथा भुगतान के लिए रिश्वत दी है। लोकल सर्कल्स की रिपोर्ट के अनुसार कुल रिश्वत का 75 प्रतिशत कानूनी, माप-तौल, खाद्य, दवा, स्वास्थ्य आदि सरकारी विभागों के अधिकारियों को दी गई। जांच रिपोर्ट कहती है कि कई कारोबारियों ने जीएसटी अधिकारियों, प्रदूषण विभाग, नगर निगम और बिजली विभाग को रिश्वत देने की भी सूचना दी है। पिछले 12 महीनों में जिन कंपनियों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम पूरा करने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के बराबर है। केंद्र सरकार को इस रिपोर्ट के बारे टिप्पणी करनी चाहिए थी। यह भी बताना चाहिए था कि इस भ्रष्टाचार के नाम पर इस जबरन वसूली रोकने की इसकी क्या योजनांए है? देश में उद्योग लगाने के लिए माहौल बनाने के लिए उसकी क्या तैयारी हैं?

**- अशोक मधुप**
**(वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# सॉफ्ट हिंदुत्व के साथ विकास का कॉकटेल

हिंदुत्व के रथ पर सवार होकर सत्ता के शीर्ष तक पहुंची भारतीय जनता पार्टी की इस राजनीतिक पैंतरेबाजी को आम आदमी पार्टी (आप) ने भी लपक लिया। दिल्ली विधानसभा में लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए आप कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती। आप के नेताओं को लगता है कि हिंदुत्व का इस तरह समर्थन करने से भाजपा के लगाए भ्रष्टाचार के आरोपों के प्रचार को कमजोर किया जा सकता है, जिसके कारण आप के कई नेता जेल में भुगत कर आए हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, शराब घोटाले सहित अन्य मामलों को प्रचार का मुद्दा बनाए हुए है। दरअसल आप को समझ में आ गया कि इस देश में सिर्फ विकास के कार्यों से ही सत्ता हासिल नहीं की जा सकती। यही वजह है कि आप ने भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे में सेंध लगा दी। अब भाजपा की मजबूरी यह है कि चाह कर भी इस मुद्दे पर आप का विरोध नहीं कर सकती। भाजपा के सॉफ्ट हिंदुत्व का मुकाबला कांग्रेस नहीं कर सकी। जिसे कांग्रेस भुनाने में नाकामयाब रही, उसे आप ने कर दिखाया। आप ने भाजपा की दिल्ली मंदिर प्रकोष्ठ यूनिट में सेंध लगाई है। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कई धर्मगुरुओं को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलवाई और भगवा गमछा पहनाकर स्वागत किया। भाजपा के मंदिर प्रकोष्ठ के 100 से ज्यादा सदस्यों ने केजरीवाल की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। आप का दावा है कि पूरी दिल्ली के पुजारी हमारा समर्थन कर रहे हैं और हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। इससे पहले आप ने चुनाव जीतने पर पुजारी और ग्रंथियों को हर महीने 18 हजार रुपए वेतन देने की घोषणा की थी। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो कहती है, वो करती है। भले हम ऐलान करने में थोड़ी देरी कर दें, लेकिन अगर एक बार ऐलान कर देते हैं तो पीछे नहीं हटते हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने जैसे महिला सम्मान और संजीवनी योजना को पुलिस भेजकर रोकने की कोशिश की, वैसे इसको रोकने की कोशिश न करे, पाप लगेगा। दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल की घोषणा की आलोचना करते हुए कहा है कि केजरीवाल ने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले और उनकी पूरी राजनीति हिंदू विरोधी रही है। भाजपा के रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से इमामों को खुश करने के लिए हर महीने 18000 वेतन देने वाली आप की सरकार को चुनावी मौसम में अब पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों की याद आई है। जब 10 साल तक मौलवियों को वेतन देने की बात कही, तब पुजारी और ग्रंथियों की याद नहीं आई। गौरतलब यह है कि भाजपा ने केजरीवाल और आप को हिंदुत्व को लेकर कटघरे में खड़ा करने का प्रयास बेशक किया हो, किन्तु योजना को गलत बताने या चुनाव जीतने पर इसे बंद करने की घोषणा का साहस नहीं दिखा सकी। मुफ्त पानी-बिजली और स्कूल जैसी लोकलुभावन घोषणाओं से आप लगातार दो बार भाजपा और कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में मात देती रही है। भाजपा ने पहले नरम हिंदुत्व को चुनावी हथियार बनाया और बाद में उसे विकास की तरफ मोड़ दिया। इसके विपरीत आप ने पहले विकास और अब उसके साथ सॉफ्ट हिंदुत्व को जीत का मोहरा बनाया है। भाजपा ने अयोध्या मुद्दे को चुनाव में भुनाने में कसर नहीं छोड़ी। लंबे अर्से तक भाजपा मंदिर मुद्दे पर विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा करती रही। इतना ही नहीं, विपक्षी दलों को अयोध्या मंदिर के निर्माण और उद्घाटन पर नहीं आने पर हिंदुत्व विरोधी होने का आरोप लगाया। भाजपा ने हिंदुत्व के साथ ही मुस्लिमों के प्रति सद्भाव दिखाने का कई बार प्रयास किया है। यह अलग बात है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं बनाया। अंतरराष्ट्रीय संबंधों की खातिर केंद्र की भाजपा सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुस्लिम विरोधी होने का दाग धोने का प्रयास जरूर करती रही है। सोशल मीडिया पर देश में प्राचीन मंदिर-मस्जिद विवाद की तल्ख टिप्पणियों की बाढ़ के बावजूद भाजपा ने इससे दूरी बनाए रखी है। यहां तक कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी ऐसे गढ़े मुर्दे उखाड़ कर हिंदुत्व का नेता बनने का प्रयास करने वालों को लताड़ लगाई। कारण स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करने में जुटा हुआ है। इसके लिए अन्य देशों के साथ खाड़ी देशों से भी रिश्ते बनाना जरूरी है, ताकि भारत पर कोई देश सांप्रदायिक आधार पर भेदभाव का आरोप नहीं लगा सके। इसके अलावा भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता का कैंपेन भी चलाया हुआ है।

भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और लगातार आगे बढ़ रहा है। यही वजह है कि संभल के मंदिर विवाद के बाद सोशल मीडिया पर हिंदुत्ववादियों के अजमेर की दरगाह के खिलाफ भारी अभियान चलाए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से चादर चढ़ाने की वार्षिक रस्म अदा की गई। दरगाह कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष मुनव्वर खान ने सिंह की ओर से चादर पेश की। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के संभल की तरह पिछले साल नवंबर यानी 2024 में अजमेर की एक अदालत द्वारा एक याचिका स्वीकार करने के बाद विवाद खड़ा हो गया था, जिसमें दावा किया गया था कि दरगाह शिव मंदिर के ऊपर बनाई गई थी और अजमेर दरगाह समिति, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को नोटिस जारी किए थे। आम आदमी पार्टी भी भाजपा की तर्ज पर ऐसी राजनीतिक कवायद में जुटी हुई है ताकि हिंदू वोट बैंक का ध्रुवीकरण किया जा सके। हालांकि पिछले दो विधानसभा चुनावों में भाजपा का हिंदुत्व का हथियार दिल्ली विधानसभा में भौंथरा साबित हो चुका है। इसके बावजूद केजरीवाल ऐसा कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते जिससे भाजपा किसी भी रूप में हिंदुत्व के मुद्दे का चुनावी फायदा ले सके।

भाजपा की तुलना में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के सामने मुश्किलें ज्यादा हैं। दिल्ली की सत्ता आप ने कांग्रेस से ही छीनी थी। कांग्रेस का प्रयास है कि किसी भी तरह इसकी वापसी करना है। हालांकि कांग्रेस के लिए आप से चुनावी मोर्चा लेना इतना आसान नहीं है। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साफ कर दिया कि आप भी चुनाव में विपक्षी की तरह है। इस पर आप ने गहलोत पर आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ चुका है। कांग्रेस और भाजपा मिली हुई हैं। दिल्ली में विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन अन्य राज्यों के चुनावों की तरह फिर बिखर गया। इसके अलावा इंडिया गठबंधन के घटक दल भी आप के समर्थन में हैं। अल्पसंख्यक वोट बैंक के कारण कांग्रेस की मजबूरी यह भी है कि आप की तरह सॉफ्ट हिंदुत्व का कार्ड नहीं खेल सकती। कारण साफ है, कांग्रेस का आधार राष्ट्रीय है, जबकि आप चुनिंदा राज्यों तक सीमित है। कांग्रेस सॉफ्ट हिंदुत्व जैसी किसी योजना की घोषणा करती, तो दूसरे राज्यों में भी लागू करने का दबाव बढ़ जाता। इसलिए कांग्रेस ने ऐसी किसी घोषणा से दूरी बनाए रखी।

**-योगेंद्र योगी**

# राशिफल

**माघ कृष्ण पक्ष द्वितीया**

**(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि थोड़ा गृह कलह के भी संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम, संतान अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यावसायिक सफलता। अपनों का साथ। नाक, कान व गला की परेशानी। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जुबान में कड़वाहट न रखें। अपनों से अच्छे से मिलें। धन का आवक बढ़ेगा। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
सितारों की तरह चमकेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा। व्यापार भी साथ रहेगा। लाल वस्तु पास रखें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन व्याकुल रहेगा। परेशान रहेगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान का साथ।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। सीने में विकार संभव है। प्रेम, संतान का साथ है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा का योग बन सकता है। भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेंगे।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम-संतान मध्यम। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रु नतमस्तक होंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भावुकता पर काबू रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापार अच्छा है

# विधायक तेजपाल नागर ने किया 524.35 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास



**ग्रेटर नोएडा।** दादरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर-2 में 524.35 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की देवतुल्य जनता से मुलाकात कर जनसंपर्क किया और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

विधायक श्री नागर ने कहा कि उनकी सरकार क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इन विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में दादरी विधानसभा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विधायक जी का स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, प्राधिकरण के अधिकारी और पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। श्री नागर ने जनता को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान दिया जाएगा और समय पर परियोजनाएं पूरी की जाएंगी। साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि वे स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, और सामाजिक एकता के प्रति जागरूक रहें।

# एमएलसी से मिले शिक्षामित्र संघ के पदाधिकारी, किया सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर के शिक्षामित्र संघ ने श्रीचंद शर्मा (एमएलसी, शिक्षक प्रकोष्ठ) का मूल विद्यालय शासन आदेश जारी होने की खुशी में फूल-माला और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

संघ के जिला अध्यक्ष जगवीर भाटी ने बताया कि एमएलसी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही आपके मानदेय बढ़ोतरी का शासन आदेश भी जारी किया जाएगा। सभी शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री और बेसिक शिक्षा मंत्री का भी धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जेवर रवि करण, बालकिशन शर्मा, नरेश खारी, सनोज कुमार, कमलेश यादव, संतोष भाटी, कुसुम, शिवकुमार, विनोद कुमार, कालूराम, रणजीत सिंह, महेश कुमार, कुलदीप, डालचंद, ईश्वर सिंह, सुशील शर्मा, रविंद्र सिंह, आसकरण सिंह, महेश नागर सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर कामायनी फाउंडेशन ने वितरित की खिचड़ी




**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** मकर संक्रांति का पावन पर्व आज पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पर्व को समाजसेवी लोग गरीब एवं असहाय लोगों की सहायता और दान-पुण्य के माध्यम से मनाते हैं।

इसी क्रम में, कामायनी फाउंडेशन ने मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रेटर नोएडा के विभिन्न स्थानों, जैसे अल्फा फर्स्ट, कमर्शियल बेल्ट, बिरोड़ी चक्रसेनपुर, डेल्टा फर्स्ट, सेक्टर मयू-2, और अन्य क्षेत्रों में प्रसाद स्वरूप खिचड़ी का वितरण किया।

कामायनी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन और राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार ने बताया कि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है। उनका कहना है कि महिलाओं और बालिकाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके विकास और उत्थान के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी फाउंडेशन भारतीय संस्कृति की धरोहर रूपी पावन पर्वों पर इसी प्रकार से गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण करता रहेगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार सेन ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे भी महिलाओं और बालिकाओं के उत्थान में सहयोग करें। यह प्रयास समाज को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# हिंदू युवा वाहिनी निकालेगी 'तिरंगा यात्रा'



**नोएडा ( चेतना मंच )।** हिंदू युवा वाहिनी नोएडा महानगर द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन सेक्टर-46 राजीव अग्रवाल के निवास पर किया गया। इस अवसर पर हिन्दू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय महासचिव विनीत हिन्दू नोएडा महानगर के अध्यक्ष टी.सी. गौड़, महासचिव राजीव अग्रवाल महामन्त्री ज्ञानेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष अंजना भागी तथा अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में 19 जनवरी 2025 को होने वाली तिरंगा यात्रा की विस्तृत जानकारी दी गई। इस यात्रा का आयोजन मेरठ मंडल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें मंडल के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

यह यात्रा 19 जनवरी 2025 को सुबह 10 बजे हापुड़ चुंगी, गाज़ियाबाद से प्रारंभ होकर माउंट ग्रीन फार्म हाउस, राज नगर एक्सटेंशन पर पहुंचेगी। वहां राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

यात्रा में हिंदू युवा वाहिनी संगठन के विभिन्न जिलों और प्रदेश टीम के सदस्य भी अलग-अलग स्थानों से शामिल होंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौर की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा यात्रा आयोजित होगी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्धराज सिंह, राष्ट्रीय संयोजक अनिल खेरा, राष्ट्रीय महासचिव विनीत हिंदू भी उपस्थित रहेंगे।

यात्रा का विशेष आकर्षण प्रदेश अध्यक्ष माननीय कुँवर सिद्धराज सिंह जी का भव्य स्वागत और उनका प्रेरणादायक संबोधन होगा।

# भाजपा नेता ने किया ग्रेनो के प्राधिकरण अधिकारी को सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

योगी सेवा फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील खारी ने गतदिवस ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में तैनात वरिष्ठ अधिकारी मनोज सचान को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात मनोज सचान एक ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ठ अधिकारी हैं और उन्होंने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**10 देशों के 21 सदस्यीय...**

दल महाकुंभ मेला क्षेत्र में भ्रमण करेगा। शाम 5:00 बजे से 6:30 बजे तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया है, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनुभव करेंगे। रात में टेंट सिटी में रात्रि भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय दल कल, 16 जनवरी 2025 को सुबह 8 बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। इसके बाद नाश्ते के पश्चात 9:30 बजे दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। भ्रमण कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे समाप्त होगा और दल एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

इस अंतर्राष्ट्रीय दल में फिजी, फिनलैंड, गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, त्रिनिदाद एंड टोबैगो और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रतिनिधि शामिल हैं।

**राजेश भारद्वाज बने...**

इस दौरान दिव्यांग खिलाड़ियों के विकास तथा उनके कल्याण के लिए उन्होंने कई सफल आयोजन भी किये। उनकी इसी सक्रियता तथा उपलब्धि के कारण उनको अब व्हील चेयर क्रिकेट इंडिया एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया गया है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com, raghuvanshirampal365@gmail.com, raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com


**दबंगों ने पड़ोसी के...**

बाहर गांव का ही रहने वाला आदेश पुत्र नरेश गाली गलौज करते हुए दरवाजा खोलने को कह रहा था। उसने जब दरवाजा नहीं खोला तो नरेश ने अवैध असलाह से उसके घर के बाहर फायर किया। इस घटना से वह तथा उसके परिजन सहम गए। उसने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है

**कोहरे में भिड़ीं दो बसें...**

घायल तीनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा टप्पल थाना क्षेत्र के 49 नम्बर यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुआ।

मौसम विभाग ने बताया कि भारतीय समयानुसार सुबह साढ़े पांच बजे सफदरजंग इलाके में मध्यम कोहरे के साथ शांत हवा रही। वहीं जबकि न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर और पालम में न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई। भारतीय रेलवे ने जानकारी देते हुए बताया कि आज राजधानी और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे की वजह से दिल्ली आने वाली 26 ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

उधर नोएडा के कई इलाके घने कोहरे की चपेट सुबह रहे घने कोहरे के कारण लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा में कोहरे और सर्दी के कारण रफ्तार थम गई है और सड़कों पर गाडियां रेंगती हुई नजर आ रही है। घने कोहरे के कारण नोएडा के महामाया पुल के पास 2 वोल्वो बसों में भिडंत हो गई। जिसकी चपेट में आकर आधा दर्जन के करीब लोग चोटिल हो गए हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची नोएडा पुलिस ने चोटिल लोगों को अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के मुताबिक, दोनों बसें ग्वालियर और गोरखपुर से आ रही थी लेकिन सुबह 8 बजे के करीब दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि ग्वालियर से आ रही बस को पीछे से गोरखपुर से आ रही बस ने टक्कर मार दी। जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गई हैं। लोगों का कहना है कि, गोरखपुर से आ रही वोल्वो बस का ड्राइवर शराब के नशे में था जिससे यह दुर्घटना हुई। सूचना मिलने पर मौके पर थाना 39 पुलिस और यातायात पुलिस की टीम में पहुंच गई और बस को रास्ते से हटकर किनारे कर दिया है।

**सोसायटी के गार्डों पर...**

थाना बिसरख पुलिस द्वारा सोसाइटी के सिक्योरिटी ऑफिसर की तहरीर पर आरोपी गौरव सिसोदिया के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। थाना बिसरख पुलिस ने आरोपी गौरव सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सोसायटी के रहने वाले आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि यह विवाद सिक्योरिटी गार्ड्स और रेजिडेंस के बीच हुआ, जो पार्किंग को लेकर हुआ था. यह विवाद पिछले 2 दिन से चल रहा था. कल तीन बार रेजिडेंस और सिक्योरिटी गार्ड के बीच बहस और हाथापाई हुई और देर रात विवाद इतना बढ़ गया की रेजिडेंस में सेल्फ डिफेंस के नाम पर फायरिंग की. सिक्योरिटी गार्डों ने किसी तरह सूझबूझ दिखाते हुए अपनी जान बचाई. लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि गौरव सिसोदिया जो हमारे सोसाइटी में टावर नंबर तीन और फ्लैट नंबर 703 में रहते हैं और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तथास्तु नाम के पब बार के ऑनर भी हैं उन्होंने नशे में धुत होकर गार्ड से बहस किया और उन पर फायरिंग भी की।

**जिलाध्यक्ष व महानगर...**

उधर नोएडा महानगर अध्यक्ष को लेकर भी भाजपा दो प्रमुख धड़ों में बंटी नजर आ रही है। एक धड़ा ब्राहमण/पंजाबी बिरादरी के दावेदार नेता के पक्ष में खड़ा नजर आ रहा है। तो दूसरा धड़ा ठाकुर बिरादरी के एक दावेदार के पक्ष में खड़ा दिखाई दे रहा है। ठाकुर बिरादरी के दावेदार के एक राष्ट्रीय महासचिव से भी करीबी संबंध बताये जा रहे हैं। इस खींचतान में गुर्जर बिरादरी के बड़े नेता तटस्थ नजर आ रहे हैं। वहीं वैश्य बिरादरी के नेता भी अपने-अपने पक्ष में पुरजोर प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि नोएडा में ब्राहमण व ठाकुर बिरादरी के बीच अध्यक्ष पद को लेकर खींचतान अब और भी तेज हो गयी है।

**फर्जी कॉल सेंटर...**

लोन लेने के इच्छुक लोगों से प्रोसेसिंग फीस व हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर उनसे पैसे ले लिए जाते थे। इसके बाद उत्तम कुमार व उसके साथी ठगे गए लोगों से संपर्क करना बंद कर देते थे उन्होंने बताया कि उत्तम कुमार के खिलाफ पूर्व में धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें उत्तम कुमार व उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। उत्तम कुमार जेल से जमानत पर बाहर आ गया था। पुलिस ने उत्तम के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। इस मामले में वह फरार चल रहा था। फरार चलने के कारण उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था।

**बीएसएफ कर्मी व...**

इसकी शिकायत जब उसने मंजू व उसके पति रामकृपाल से की तो वह उल्टा उसके साथ ही अभद्र व्यवहार कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते थे। कई बार इस बात को लेकर वाद विवाद भी हुआ। उसने 26 सितंबर को डायल 112 पर फोन कर आरोपियों के खिलाफ शिकायत भी की थी। पीड़िता के मुताबिक उसका पति अजीत 16 दिसंबर को छुट्टी पर घर आया था। उसने पड़ोसी सोनू व सौरव द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के बारे में उसे जानकारी दी। इस पर उसका पति अजीत पड़ोसी राम कृपाल के घर बात करने के लिए गया। पड़ोसियों ने उसके पति के साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी रामकृपाल उसकी पत्नी मंजू सोनू ,सौरभ आदि ने उसके घर में आकर तोड़फोड़ की। उसके ससुर राजेंद्र प्रसाद और किराएदार ओमप्रकाश ने जब आरोपियों को रोकने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें जाति सूचक शब्द भी कहे। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**पुलिस के साथ...**

एडीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान पिंटू उर्फ नेवला पुत्र देवकरण निवासी संजय कंपलेक्स मयूर विहार फेस 3 दिल्ली के रूप में हुई। इसके पास से लूटा गया सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन, तमंचा कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए पिंटू उर्फ नेवला ने बताया कि वह चोरी की बाइक पर सवार होकर अपने साथी के साथ मिलकर लोगों से मोबाइल फोन छीनने की घटनाओं को अंजाम देता था। उस से बरामद फोन उसने 13 जनवरी को सेक्टर 48 नोएडा से छीना था। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में बदमाश ने बताया कि उसने यह सूरजपुर से चोरी की थी। एडीसीपी के मुताबिक पकड़ा गया बदमाश पूर्व में भी कई बार जेल जा चुका है और इस पर गाजियाबाद नोएडा के विभिन्न थानों में नौ मुकदमे पंजीकृत है। इसके साथी की तलाश की जा रही है।

### स्कूलकर्मी की बाइक चोरी

**नोएडा।** अलग-अलग स्थान से वाहन चोर तीन वाहनों को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के मिलेनियम स्कूल में कार्यरत अजय सिंह पुंडीर की बाइक स्कूल के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ित ने दर्ज शिकायत में बताया कि उसने 26 अक्टूबर को अपनी बाइक स्कूल के गेट नंबर 3 के बाहर खड़ी की थी। रात्रि के समय चोर उसकी बाइक को चोरी कर ले गए। थाना सेक्टर 58 में सक्षम गुप्ता ने अपनी टीवीएस अपाचे बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेक्टर 71 श्री साईं अपार्टमेंट में रहने वाले सक्षम गुप्ता ने दर्ज शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक सेक्टर 62 स्थित ऑफिस के बाहर खड़ी की थी।

# चोरी का सामान खरीद कर फंसा सुनार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने घरों में चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले सुनार को भी बंदी बनाया है। इनके पास से चोरी के सोने चांदी के आभूषण, नगदी व चाकू बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दी कि कुलेसरा, सुत्यना व उसके आसपास की कॉलोनी में चोरी करने वाला विवेक पुत्र तारकेश्वर और चोरी का माल खरीदने वाला सुनार अशोक सीआईएसफ कैंप के पास खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को मौके से धर दबोचा।

विवेक के पास से 13500 रुपए ,चाकू तथा सुनार अशोक सोनी से चोरी की खरीदी हुई दो अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब, 12 बिछुए आदि बरामद हुए। पकड़े गए विवेक ने घरों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। विवेक ने बताया कि वह चोरी के माल को सस्ते दामों में अशोक सोनी को बेच देता था।

# मंदिर के लिए निकली किशोरी गायब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाली एक किशोरी घर से मंदिर जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। किशोरी के पिता ने महिला सहित पांच लोगों के खिलाफ अपनी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। निठारी गांव में किराए पर रहने वाले विनोद काल्पनिक नाम ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ निठारी गांव में किराए पर रह रहा है। 7 जनवरी को उसकी 14 वर्षीय बेटी घर से मंदिर जाने के लिए कह कर गई थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। घर वापस न लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

इस दौरान उसे पता चला कि उसकी बेटी बिहार निवासी सेवक से मोबाइल पर लंबी बातें करती थी। उन्होंने सेवक के मोबाइल पर फोन किया तो उसने उसकी बेटी से बात कराई और फोन काट दिया। विनोद के मुताबिक उसकी बेटी को सेवक के साथ भगाने में पड़ोस में रहने वाले रामकुमार,उसकी पत्नी सीमा व बेटों मिथुन और गोविंदा का पूरा हाथ है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि किशोरी और आरोपियों की तलाश की जा रही है।




खास खबर

## आईडीबीआई बैंक ने आईडीबीआई चिरंजीवी-सुपर सीनियर सिटिजन एफडी लॉन्च की

**मुंबई, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने 'आईडीबीआई चिरंजीवी–सुपर सीनियर सिटिजन एफडी' लॉन्च की है। यह फिक्स्ड डिपॉजिट 80 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए पेश की गई है। इस एफडी में बैंक की स्टैंडर्ड फिक्स्ड डिपॉजिट दरों के ऊपर अतिरिक्त 65 बेसिस पॉईंट्स (बीपीएस) और सीनियर सिटिजन दरों के ऊपर 15 बेसिस पॉईंट (बीपीएस) मिलेंगे। इस लॉन्च के बारे में श्री सुमित फक्का, डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर, आईडीबीआई बैंक ने कहा, ''हमें 'आईडीबीआई चिरंजीवी – सुपर सीनियर सिटिजन एफडी' लॉन्च करने की खुशी है। यह एफडी सुपर सीनियर सिटिजंस के लिए पेश की गई है। यह उन्हें निवेश का सुरक्षित विकल्प प्रदान करेगी, तथा उन्हें वित्तीय सुरक्षा के साथ मानसिक सुकून देगी।''

## अमेज़न की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' 2025 में बड़ी बचत करें, सेल शुरू

**बेंगलुरु, एजेंसी।** बहुप्रतीक्षित शॉपिंग फेस्टिवल, अमेजन इंडिया की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल,' 13 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे लाइव होगी, जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 12 घंटे का विशेष अर्ली एक्सेस मिलेगा। ग्राहक नए साल की खरीदारी स्मार्टफोन, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े उपकरण, किराना सामान, रोजमर्रा की ज़रूरतें और अन्य कई कैटेगरी में उपलब्ध लाखों प्रोडक्ट्स पर कर सकते हैं। शॉपर्स वनप्लस, एप्पल, बोट, सैमसंग, सोनी, एलजी, क्रॉक्स, टाइटन, लॉरियल, लैक्मे, पैम्पर्स और अन्य प्रमुख ब्रांड्स के बेहतरीन प्रोडक्ट्स की विस्तृत रेंज का पता लगा सकते हैं। अपने पसंदीदा उत्पादों को शानदार कीमतों पर खरीदने और अविश्वसनीय बचत के साथ साल की शुरुआत करने का यह मौका न चूकें। अमेज़न इंडिया की 'ग्रेट रिपब्लिक डे सेल' के दौरान उपलब्ध रोमांचक डील्स और ऑफर्स को देखने के लिए यहाँ क्लिक करें।

## क्या एआई पावर्ड वेयरेबल 'नियोसेपियन' जीत पायेगा शार्क्स का दिल

**मुंबई, एजेंसी।** कल्पना कीजिए एक ऐसी दुनिया की, जहाँ एक साधारण वेयरेबल डिवाइस से हम अपनी याददाश्त, निर्णय लेने की क्षमता और उत्पादकता को बढ़ा सकते हैं। नियोसेपियन एक एआई–पावर्ड पेंडेंट है, जिसे शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 में प्रस्तुत किया गया था। यह डिवाइस टेक्नोलॉजी के साथ हमारे व्यवहार को बदलने की क्षमता रखता है। नियोसेपियन के संस्थापक, धनंजय यादव और आर्यन यादव, दो कजिन्स हैं, जिन्होंने इस ब्रांड की स्थापना की। उनका मिशन है लोगों को अपनी गतिविधियों पर अभूतपूर्व नियंत्रण देना और होमोसेपियन्स को नियोसेपियन्स में बदलना। नियोसेपियन का आइडिया एक गहरी व्यक्तिगत त्रासदी से उत्पन्न हुआ था। धनंजय के चचेरे भाई, जो एक सेना अधिकारी थे, का अचानक निधन हो गया, जबकि धनंजय बर्लिन में थे। कुछ दिन पहले ही उनके चचेरे भाई ने उन्हें फोन करके कहा था, मैं जल्दी मिलने आ रहा हूँ। इस अचानक हुई हानि ने धनंजय को इस बात का पछतावा दिलाया कि उन्होंने अपने जज़्बात खुलकर नहीं व्यक्त किए थे। इस अनुभव ने उन्हें एक ऐसा उत्पाद बनाने की प्रेरणा दी, जो लोगों को अपने कामों को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने में मदद करे, और साथ ही संचार में दूरी को कम करके गहरे रिश्ते बनाने में सहायक हो। अपने चचेरे भाई आर्यन, जो एक एआई इंजीनियर हैं, के साथ मिलकर, धनंजय ने नियोसेपियन को विकसित किया—यह एक वेयरेबल डिवाइस है, जिसे जीवन को आसान बनाने, उत्पादकता बढ़ाने और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# एचसीएल टेक के तिमाही नतीजों से निवेशक मायूस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचसीएल टेक के तीमाही नतीजों से निवेशक मायूस नजर आ रहे हैं। शुरुआती कारोबार में ही यह स्टॉक 8 पर्सेंट से अधिक टूटकर 1624.50 रुपये पर आ गया है। हालांकि, सेंसेक्स में 358 अंकों की तेजी है। एचसीएल टेक के शेयर आज 1936.10 रुपये पर खुले और 1815.85 रुपये के आज के निचले स्तर तक गिर गए। सुबह साढ़े नौ बजे के करीब एचसीएल टेक 8.38 पर्सेंट का गोता लगाकर 1822 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहा था। बता दें ॥ष्ट्र टेक्नोलॉजी ने इस वित्तीय वर्ष की तीसरी तीमाही के नतीजे पेश किए। कंपनी का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में 5.54 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपये रहा है।

न्यूज एजेंसी भाषा के अनुसार एचसीएल टेक के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर सी विजयकुमार ने मांग और सोच-विचारकर किए जाने वाले खर्च में सुधार की उम्मीद जताई और रेवेन्यू ग्रोथ के अनुमान को बढ़ाया है।

### लाभ में 8.4 और राजस्व में 3.56 प्रतिशत की वृद्धि

एचसीएल टेक ने वृद्धि अनुमान के निचले स्तर को बढ़ाकर 4.5 से पांच प्रतिशत कर दिया, जो पहले 3.5 से 5.0 प्रतिशत था। कंपनी की परिचालन आय दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही में 5.07 प्रतिशत बढ़कर 29,890 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 28,446 करोड़ रुपये थी। तिमाही आधार पर लाभ में 8.4 प्रतिशत और राजस्व में 3.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विजयकुमार ने कहा कि वृद्धि सभी व्यावसायिक खंडों के बेहतर प्रदर्शन का नतीजा है। उन्होंने कहा, एआई बिजनेस और कर्मचारियों को सशक्त बनाने के साथ, हम परिवर्तनकारी भविष्य के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। हम सेवाओं और सॉफ्टवेयर पेशकश में अपने एआई–आधारित प्रस्तावों की बढ़ती मांग देख रहे हैं।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में उसे 4,350 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

**नये सौदों की बुकिंग 2.1 अरब डॉलर रही-** वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के दौरान नये सौदों की बुकिंग 2.1 अरब डॉलर रही। कंपनी के आईटी और व्यापार खंड का राजस्व में सबसे अधिक 71.8 प्रतिशत योगदान रहा। इसके बाद इंजीनियरिंग और आर एंड डी (अनुसंधान एवं विकास) का स्थान रहा। एचसीएल सॉफ्टवेयर कारोबार स्थिर मुद्रा में तिमाही आधार पर 18.7 प्रतिशत बढ़ा। हालांकि सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत घट गया। सीईओ ने कहा, अमेरिका और यूरोप दोनों क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि हुई है। ऑर्डर पाइपलाइन अब तक के उच्चतम स्तर पर है। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि 2025 में ग्राहक अपने आईटी निवेश को बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। हम मांग के माहौल में सुधार देख रहे हैं और विवेकाधीन खर्च में कुछ बढ़ोतरी देखी जा रही है। वे इन्वोवेशन और दक्षता बढ़ाने के लिए निवेश कर रहे हैं। विजय कुमार ने कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाया है। इसके अनुसार राजस्व में 4.5 से 5.0 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है

**2,134 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई-** सुंदरराजन ने कहा कि एचसीएलटेक ने तिमाही के दौरान 2,134 कर्मचारियों की नियुक्ति की। इससे कर्मचारियों की कुल संख्या 2,20,755 हो गई। मार्च तिमाही के दौरान 1,000 कर्मचारी और नियुक्त किये जाएंगे। उन्होंने नियुक्ति के मोर्चे पर कहा कि कंपनी को वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में वित्त वर्ष 2025-26 में अधिक नियुक्तियां करने की उम्मीद है।

### अमेरिका में एचसीएल के 80 प्रतिशत लोग स्थानीय

यह पूछे जाने पर कि क्या इस महीने शपथ लेने जा रहे नए अमेरिकी नेतृत्व का कारोबार पर असर पड़ेगा, मुख्य जन अधिकारी (सीपीओ) रामचंद्रन सुंदरराजन ने कहा कि इसका कंपनी पर शायद ही कोई प्रभाव पड़ेगा क्योंकि यह एच1बी वीजा पर बहुत कम निर्भर है। उन्होंने कहा, अमेरिका में हमारे लगभग 80 प्रतिशत लोग स्थानीय हैं। इसलिए एच1बी पर हमारी निर्भरता उद्योग में सबसे कम-में- से एक है...।

# चूल्हे-चौके से आगे निकल शौकिया शुरू किया काम, अब लाखों की कमाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रानी सनी गृहिणी से उद्यमी बनी हैं। वह केरल के इडुक्की की रहने वाली हैं। उनका सालाना कारोबार 12 लाख रुपये का है। 2018 में कुदुम्बश्री के अमृतम न्यूट्रीमिक्स के एक ट्रेनिंग प्रोग्राम ने उनकी जिंदगी बदल दी। यह कार्यक्रम कटहल से वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्स बनाने पर था। ट्रेनिंग लेने के बाद रानी ने ईडन जैकफ्रूट प्रोडक्ट्स नाम से अपना उद्यम शुरू किया। रानी ने शौक-शौक में इसकी शुरुआत की थी। यह अब एक फलते-फूलते व्यवसाय में बदल गया है। वह कटहल से कई तरह के प्रोडक्ट्स बनाती हैं। आइए, यहां रानी सनी की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**खेती-किसानी के बीच बीता बचपन-** रानी सनी तीन बच्चों की मां हैं। वह ज्यादा पढ़ाई नहीं कर पाई। उनका इलाका इलायची की खेती के लिए मशहूर है। क्षेत्र के अन्य किसानों की तरह उनके परिवार के लोग भी छोटे इलायची के पेड़ों को छाया देने के लिए कटहल के पेड़ उगाते थे। हरेक पेड़ से 10 से 50 कटहल मिलते थे। लेकिन, वे उन्हें फेंक देते थे। कारण था कि उन्होंने कभी नहीं सोचा कि उनसे मुनाफा कमाया जा सकता है। रानी अपने घर के पीछे 4.5 एकड़ जमीन पर इलायची और जैकफ्रूट (कटहल) के बागों के बीच यही सब देखते हुए पली-बढ़ीं।

**ऐसे हुई कारोबार की शुरुआत-** 2017 में प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद रानी सनी को कटहल उत्पादों के व्यवसाय की संभावना का एहसास। रानी हमेशा से एक स्टार्टअप शुरू करना चाहती थीं। जब उनकी बेटियां बड़ी हो गईं तो उन्होंने चूल्हे-चौके से आगे निकलकर सोचा कि यह उनके सपने को साकार करने का समय है। सेटअप के निर्माण, मशीनरी खरीदने इत्यादि के लिए 25 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी और अपने पति के साथ बेटियों के सहयोग से उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया।

**हाथोंहाथ बिके प्रोडक्ट्स-** व्यवसाय शुरू करने से पहले रानी ने बाजार का जायजा लिया। पहले उन्होंने 25 किलो कटहल खरीदा, सुखाया और उसके प्रोडक्ट्स बनाकर बेचे। वे हाथोंहाथ बिक गए। फिर उन्होंने 100 किलो कटहल के साथ यही प्रयोग किया। यह भी सफल रहा। रानी सनी ने सूखे जैकफ्रूट (कटहल) से लेकर सूखे जैकफ्रूट पाउडर, फ्रोजन टेंडर जैकफ्रूट, होलसम जैकफ्रूट पाउडर, ड्राइड जैकफ्रूट सीड्स, ड्राइड जैकफ्रूट सीड पाउडर, जैकफ्रूट पल्प जैसे कई नए उत्पाद विकसित किए। बाद में उन्होंने कटलेट, बर्गर पैटी, सप्लीमेंट्स आदि भी बनाए।

### 10 लोगों को दी हुई है नौकरी

बचपन में रानी को कटहल से बने व्यंजन बहुत पसंद थे। उनकी मां कटहल से चिप्स भी बनाती थीं, जिसका स्वाद केले के चिप्स से भी अच्छा होता है। रानी ने कला में अपनी स्नातक की डिग्री बीच में ही छोड़ दी और कम उम्र में ही गृहिणी बन गईं। हालांकि, एक व्यवसाय के मालिक होने का उनका बचपन का जुनून कभी कम नहीं हुआ। वह अब सफल उद्यमी बन चुकी हैं। रानी लगभग 20 पड़ोसियों से कटहल खरीदती हैं। उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य देती हैं। उनके पास 10 लोग नौकरी करते हैं।

## बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 169 अंक की तेजी के साथ 76,499 के स्तर पर



**मुंबई।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी आज मंगलवार (14 जनवरी) को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 169 अंक की तेजी के साथ 76,499 के स्तर पर जबकि निफ्टी 90 अंक की बढ़त के साथ 23,176 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.84 प्रतिशत की गिरावट जबकि कोरिया के कोस्पी में 0.16 प्रतिशत की तेजी रही। चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.79 प्रतिशत ऊपर 3,217 पर बंद हुआ। 13 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,892.84 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 8,066.07 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 13 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,297 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.16 प्रतिशत ऊपर 5,836 जबकि नैस्डैक इंडेक्स 0.38 प्रतिशत गिरकर 19,088 के स्तर पर बंद हुए। शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक (1.36 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 76,330 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 345 अंक (1.47 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। स्मॉलकैप 2,126 अंक (4.03 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 50,596 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही। हस्थ्र सेक्टोरल इंडेक्स में सबसे ज्यादा निफ्टी रियल्टी 6.47 प्रतिशत, निफ्टी मीडिया 4.54 प्रतिशत और निफ्टी मेटल 3.77 प्रतिशत गिरकर बंद हुए।

# फुस्स रहा यह आईपीओ, निवेशकों को जोर का झटका, 118 गुना हुआ था सब्सक्राइब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बी आर गोयल आईपीओ की सुस्त शुरुआत हुई है। कंपनी की लिस्टिंग महज 0.56 प्रतिशत के साथ 135.75 रुपये पर हुआ है। बाजार के निगेटिव सेंटीमेंट का असर कंपनी की लिस्टिंग पर पड़ा है। कंपनी की बीएसई एसएमई में लिस्टिंग हुई है। बता दें, ग्रे मार्केट में कंपनी की स्थिति पहले से ही कमजोर नजर आ रही थी। जिससे लग रहा था कि लिस्टिंग बहुत मजबूत नहीं होगी। अच्छी बात यह है कि लिस्टिंग के बाद कंपनी के शेयरों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। बी आर गोयल आईपीओ का प्राइस बैंड 128 रुपये से 135 रुपये प्रति शेयर तय किया था। कंपनी ने 1000 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,35,000 रुपये का दांव लगाना पड़ा था।



### क्या था आईपीओ का साइज

बीआर गोयल आईपीओ का साइज 85.21 करोड़ रुपये का था। कंपनी का इश्यू पूरी तरह से फ्रेश शेयरों पर आधारित है। कंपनी की तरफ से 63.12 लाख शेयर जारी किए गए हैं। कंपनी का आईपीओ 7 जनवरी को खुला था। निवेशकों के लिए यह आईपीओ 9 जनवरी तक खुला था। बता दें, बीआर गोयल आईपीओ का अलॉटमेंट 10 जनवरी को किया गया था। बीआर गोयल आईपीओ ने एंकर निवेशकों के जरिए 24.11 करोड़ रुपये जुटाए थे। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 6 जनवरी को खुला था। बता दें, एंकर निवेशकों को जारी किए गए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड 30 दिन का था।

### 3 दिन में 118 गुना से अधिक का सब्सक्रिप्शन मिला

इस एसएमई आईपीओ पहले दिन 1.55 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था। 3 दिन के सब्सक्रिप्शन के दौरान आईपीओ का 118.08 गुना सब्सक्राइब किया गया था। कर्मचारी कोटा में आईपीओ को 1.11 गुना, रिटेल कैटगरी में 88.27 गुना, एनआईआई कैटगरी में 256.90 गुना और क्यूआईबी कैटगरी में 69.88 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

# यूनिटी बैंक ने मध्यप्रदेश में पेंच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

**सिवनी।** नये जमाने के बैंक यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूनिटी बैंक) ने पेंच में अपनी शाखा खोलने की घोषणा की है। यह क्षेत्र अपनी समृद्ध जैव-विविधता, बाघ अभयारण्य और फलते-फूलते पर्यटन उद्योग के लिये जाना जाता है। सिवनी जिले के बादलपार गांव में स्थित अत्याधुनिक शाखा भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिये बैंक की प्रतिबद्धता दिखाती है। मध्यप्रदेश के इंदौर, पन्ना और सिवनी (पेंच) में यूनिटी बैंक की शाखाएं हैं। इसके आगे, बैंक भोपाल में भी अपनी शाखाएं खोलने की योजना में है। नई शाखा का उद्घाटन श्री जसपाल बिन्द्रा सेंट्रम ग्रुप के कार्यकारी चेयरमैन ने यूनिटी बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन की उपस्थिति में किया। यूनिटी बैंक वरिष्ठ नागरिकों के लिये 9.50प्रतिशत प्रतिवर्ष की आकर्षक दर पर सावधि जमा की पेशकश करता है, जबकि दूसरे निवेशक 9.00प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अर्जित कर सकते हैं। यूनिटी बैंक बचत खातों के लिये 7.50प्रतिशत प्रतिवर्ष, 5 लाख रूपये से ज्यादा की शेषराशि पर ... और 1 लाख रूपये अधिक तथा 5 लाख रूपये तक के जमा शेष पर 7.25प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज देता है (मासिक भुगतान)। इसके अलावा, चुनिंदा शाखाओं में प्रतिस्पर्द्धी दरों पर लॉकर्स भी उपलब्ध हैं। पेंच वन्यजीवन गंतव्य के तौर पर अपनी पहचान और इको-टूरिज़्म तथा संबद्ध सेवाओं में अपनी बढ़ती क्षमता के कारण यूनिटी बैंक के लिये एक अनूठी जगह है। यह क्षेत्र उन स्थानीय समुदायों और छोटे व्यवसायों का केन्द्र भी है, जो बैंकिंग सेवाओं की सुलभता बढ़ने से काफी फायदा उठा सकते हैं। यूनिटी बैंक का लक्ष्य है बैंकिंग की ज्यादा स्मार्ट, तेज और मजबूत सुविधाएं देकर इन समुदायों की आर्थिक तरक्की में सहयोग करना। यूनिटी बैंक के एमडी और सीईओ इंद्रजीत कमोत्रा ने कहा, ''पेंच में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर हम बहुत खुश हैं, क्योंकि यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, वन्यजीवन और उद्यमिता के बढ़ते उत्साह को अनूठे तरीके से संजोता है। पेंच में उपस्थित होना यूनिटी बैंक के लिये एक रणनीतिक कदम है, क्योंकि पर्यटन एवं व्यवसाय के केन्द्र के रूप में इस क्षेत्र का महत्व बढ़ रहा है।



# हल्दी का उत्पादन पांच साल में दोगुना कर 20 लाख टन करने का लक्ष्य: गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने तथा अगले पांच साल में उत्पादन दोगुना कर करीब 20 लाख टन करने में मदद करेगा। बोर्ड का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह नए उत्पादों और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान पर अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा। मंत्री ने यहां पत्रकारों से कहा, ''हल्दी को सुनहरा मसाला भी कहा जाता है। वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है... हम पांच साल में उत्पादन दोगुना कर 20 लाख टन करने की योजना बना रहे हैं। सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी की। यह देश में हल्दी तथा हल्दी उत्पादों के विकास व वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करेगा। पल्ले गंगा रेड्डी को बोर्ड का पहला चेयरपर्सन नामित किया गया है। इसका मुख्यालय निजामाबाद (तेलंगाना) में स्थापित किया गया है। भारत, दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है। वित्त वर्ष 2022–23 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई, जिससे 11.61 लाख टन उत्पादन हुआ। भारत में हल्दी की 30 से अधिक किस्में देश के 20 से अधिक राज्यों में उगाई जाती है।

खास खबर

## अश्विनी वैष्णव ने मार्क जकरबर्ग के दावे को गलत बताया



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फेसबुक के स्वामित्व वाली कंपनी मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग के उस दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोविड-19 महामारी के बाद भारत समेत दुनिया के लगभग सभी देशों में सत्ता परिवर्तन हुए हैं, जो सरकारों के प्रति लोगों में विश्वास की कमी को दर्शाता है. रेल मंत्री वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने 2024 में चुनाव आयोजित किया जिसमें 64 करोड़ से अधिक वोटर शामिल हुए. भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पर फिर से भरोसा जताया. उन्होंने कहा, जकरबर्ग का दावा है कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें कोविड के बाद हार गईं, जो तथ्यात्मक रूप से गलत है. दरअसल, मेटा के सीईओ जकरबर्ग ने हाल ही में जो रोगन के पॉडकास्ट पर दावा किया था कि कोविड-19 महामारी के बाद कई देशों में चुनाव हुए और भारत समेत कई देशों की सरकारें गिर गईं. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जकरबर्ग के इस बयान पर निराशा जताई. साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कई प्रमुख उपलब्धियों का भी जिक्र किया. वैष्णव ने एक्स पर लिखा, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 2.2 अरब मुफ्त वैक्सीन और कोविड के दौरान भारत ने दुनिया भर के देशों की मदद की। भारत सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है. प्रधानमंत्री मोदी की तीसरी बार की जीत सुशासन और जनता के विश्वास का सबूत है. मार्क जकरबर्ग द्वारा गलत जानकारी दिया जाना बहुत ही निराशाजनक है. उन्हें विश्वसनीयता बरकरार रखनी चाहिए।

## मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों को आज भी प्रधानमंत्री का इंतजार : जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत के एक साल पूरे होने के मौके पर मणिपुर की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि उनके पास दुनिया भर में घूमने के लिए तो समय और इच्छाशक्ति है, लेकिन वह मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझते. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा पिछले साल 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू की थी जिसका समापन 16 मार्च को मुंबई में हुआ था. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि आज से ठीक एक साल पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की थी. यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक हुई. यह ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा का अनुसरण करते हुए 15 राज्यों से गुजरी थी और 6,600 किलोमीटर की दूरी को कवर किया था. इसका समापन 16 मार्च 2024 को मुंबई में हुआ. उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मणिपुर को अभी भी प्रधानमंत्री की यात्रा का इंतजार है, जिनके पास दुनिया भर में घूमने के लिए तो समय और इच्छाशक्ति है लेकिन वह मणिपुर के संकटग्रस्त लोगों के पास जाना जरूरी नहीं समझ रहे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री लगातार अपनी पार्टी के विधायकों और खुद मुख्यमंत्री बीरेन सिंह समेत मणिपुर के राजनेताओं से मिलने से इनकार करते रहे हैं. रमेश ने कहा कि मणिपुर के लोग तीन मई, 2023 से लगातार दुख, दर्द और पीड़ा में है. अभी कुछ दिन पहले शिक्षा, बाल, महिला, युवा, और खेल संबंधी स्थायी संसदीय समिति को राज्य की स्थिति समझने के लिए वहां के अपने प्रस्तावित दौरे को स्थगित करने के लिए कह दिया गया।

## ओडिशा सरकार आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों को देगी 20,000 रुपये मासिक पेंशन

भुवनेश्वर, एजेंसी। ओडिशा सरकार ने सोमवार को 1975-77 में आपातकाल के दौरान जेल गए लोगों के लिए 20,000 रुपये मासिक पेंशन और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा को मंजूरी दी। राज्य गृह विभाग द्वारा जारी नवीनतम अधिसूचना के अनुसार यह पेंशन 26 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977 तक मीसा (आंतरिक सुरक्षा अधिनियम, 1971) या डीआईआर (भारत रक्षा नियम) या डीआईएसआईआर (भारत रक्षा और आंतरिक सुरक्षा नियम) के तहत जेल में बंद व्यक्तियों को प्रदान की जाएगी। इसमें कहा गया है, पेंशन जीवित व्यक्तियों (अर्थात जो 1 जनवरी, 2025 तक जीवित थे) के पक्ष में स्वीकृत की जाएगी, भले ही वे जेल में कितने भी समय तक रहे हों। गृह विभाग ने कहा कि वे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रावधानों के अनुसार मुफ्त चिकित्सा उपचार का लाभ उठा सकते हैं। ये लाभ 1 जनवरी, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए प्रदान किए जाएंगे। 1 जनवरी, 2025 से पहले की अवधि के लिए कोई लाभ नहीं दिया जाएगा। स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन दोगुनी करने के अलावा मुख्यमंत्री मोहन माझी ने 2 जनवरी को घोषणा की कि आपातकाल के दौरान मीसा के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों को 20,000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। आपातकाल को लोकतंत्र के सबसे काले दौरों में से एक बताते हुए उन्होंने कहा, मीसा कानून के तहत कारावास झेलने वाले देशभक्तों के सम्मान में हमारी सरकार पेंशन, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा और मुफ्त बस पास मुहैया कराएगी।

# दिल्ली चुनाव : त्रिनगर विस पर आप के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती, भाजपा करेगी पलटवार की कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली विधानसभा की तारीख ज्यों-ज्यों नजदीक आ रही है, राजनीतिक दलों की मतदाताओं को लुभाने की कोशिश और तेज होती जा रही है। दिल्ली चुनाव से पहले राजनीतिक पार्टियां एक-एक सीट का गुणा-भाग कर रही हैं। ऐसे में दिल्ली की चांदनी चौक विधानसभा के अंतर्गत आने वाली त्रिनगर विधानसभा बहुत महत्वपूर्ण है। चांदनी चौक लोकसभा में आने वाली त्रिनगर सीट 1993 में अस्तित्व में आई थी। तब से यहां हर चुनाव में जबरदस्त मुकाबले होते रहे हैं। साल 2020 में आम आदमी पार्टी (आप) की उम्मीदवार प्रीति तोमर ने भारतीय जनता पार्टी के तिलक राम गुप्ता को 10,710 वोटों के अंतर से हराया था। प्रीति तोमर को 58,504 वोट जबकि तिलक राम गुप्ता को 47,794 वोट मिले थे। कांग्रेस के उम्मीदवार कमल कांत शर्मा को 4,075 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। इस चुनाव में कुल 1,67,978 वोटरों में से 66 प्रतिशत यानी 1,11,697 लोगों ने वोट डाले थे, जो त्रिनगर क्षेत्र के लिए एक अच्छा मतदान प्रतिशत था। त्रिनगर विधानसभा सीट के इतिहास पर नजर डालें, तो इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी का प्रभुत्व शुरुआत में देखने को मिला था। साल 1993 में पहली बार यहां विधानसभा चुनाव हुआ और भाजपा के उम्मीदवार नंद किशोर गर्ग ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 1998 में भी नंद किशोर गर्ग ने दोबारा जीत हासिल की थी। साल 2003 में कांग्रेस के उम्मीदवार अनिल भारद्वाज ने उन्हें हराया, और 2008 में भी अनिल भारद्वाज ने भाजपा उम्मीदवार को हराकर दोबारा जीत हासिल की। हालांकि इस बार मुकाबला कड़ा था, जिसमें हार-जीत का अंतर मात्र 1,969 वोटों का था। साल 2013 में बीजेपी के नंद किशोर गर्ग ने एक मजबूत वापसी की और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह तोमर को 2,809 वोटों से हराया। कांग्रेस के उम्मीदवार अनिल भारद्वाज तीसरे स्थान पर रहे। हालांकि 2015 में फिर से दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुआ और इस बार आम आदमी पार्टी ने इतिहास रचते हुए भाजपा को हराया। आप के उम्मीदवार जितेंद्र सिंह तोमर ने नंद किशोर गर्ग को 22,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। साल 2020 में फिर से आम आदमी पार्टी की प्रीति तोमर ने अपनी पार्टी की जीत सुनिश्चित की, जबकि बीजेपी को तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा। इस तरह से त्रिनगर विधानसभा सीट पर 2020 के चुनावों में एक बार फिर से आप ने बीजेपी को शिकस्त दी और कांग्रेस को भी कोई खाता खोलने का मौका नहीं मिला। त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत त्रिनगर, रामपुरा, शकूरपुर और कोहाट एनक्लेव के चार निगम वार्ड आते हैं, जो स्थानीय चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दिल्ली की त्रिनगर विधानसभा सीट पर आगामी चुनावों में एक बार फिर से दिलचस्प मुकाबला देखने की संभावना है, क्योंकि आप इस सीट पर अपनी जीत की लकीर को बनाए रखना चाहती है, जबकि भाजपा इस बार जीत की कोशिश में जुटी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को एक चरण में होगा। इस बार कुल 83,49,645 पुरुष, 71,73,952 महिला और 1,261 थर्ड जेंडर को मिलाकर 1.55 करोड़ से अधिक मतदाता अपने बहुमूल्य अधिकार का प्रयोग करेंगे। नतीजों का ऐलान 8 फरवरी को होगा।




## प्रवेश वर्मा के खिलाफ आम आदमी पार्टी के आरोपों पर जांच के आदेश

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले सियासत गरमाई हुई है। चुनावी मैदान में आमने-सामने बीजेपी और आप एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। इस बार आम आदमी पार्टी ने बीजेपी के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा के खिलाफ आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है। भारतीय चुनाव आयोग से शिकायत के बाद ईसी ने मामले का संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग ने सोमवार को दिल्ली पुलिस से आम आदमी पार्टी की शिकायतों पर नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार परवेश वर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।यह घटनाक्रम दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी, उनके पंजाब समकक्ष बागवंत मान, आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सांसद संजय सिंह और अन्य के नेतृत्व में आप प्रतिनिधिमंडल द्वारा चुनाव आयुक्त से मुलाकात करने और वर्मा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के कुछ घंटों बाद हुआ है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता नई दिल्ली संविधान की मतदाता सूची में हेराफेरी में शामिल हैं। इससे पहले, आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कथित मतदाता सूची में हेराफेरी पर चर्चा करने के लिए समय मांगा था, जहां से आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

## भाजपा को इंडिया ब्लॉक टूटने से होगा फायदा, इसलिए अमित शाह दरार डालने की कर रहे कोशिश : डी राजा




नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाई कोर्ट ने सरकारी कामकाज में देरी को लेकर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है, खासकर कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की रिपोर्ट विधानसभा में रखने को लेकर। अदालत ने कहा कि जिस तरीके से दिल्ली सरकार ने इस रिपोर्ट पर अपने कदम पीछे खींचे हैं, उससे उनकी ईमानदारी पर संदेह उत्पन्न होता है। इस पर माकपा के महासचिव डी. राजा ने कहा कि लोगों को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के उत्तर का इंतजार करना चाहिए। डी. राजा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इंडिया ब्लॉक खत्म होने वाले बयान, चंडीगढ़ मेयर चुनाव और तमाम दूसरे मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। अमित शाह के बयान पर उन्होंने कहा कि भाजपा को इंडिया ब्लॉक टूटने से फायदा होगा और यही वजह है कि अमित शाह गठबंधन में दरार डालने की कोशिश कर रहे हैं।उन्होंने कहा, यह एक कानूनी मामला है। हाई कोर्ट ने अपना नजरिया बता दिया है। हमें केजरीवाल के उत्तर का इंतजार करना चाहिए। माकपा नेता ने अमित शाह के इंडिया ब्लॉक के कमजोर होने वाले बयान पर कहा कि भाजपा को इंडिया ब्लॉक टूटने से फायदा होगा और यही वजह है कि वे गठबंधन में दरार डालने की कोशिश कर रहे हैं। अमित शाह का ध्यान देश के भविष्य या लोगों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर नहीं है, बल्कि उन्हें सिर्फ चुनाव जीतने की चिंता है और चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपना प्रचार करने दें क्योंकि वह एक राजनीतिक पार्टी हैं। यह उनका स्वतंत्र रुख है, लेकिन अमित शाह इससे इतने चिंतित क्यों हैं? मुझे लगता है कि वे ही वह व्यक्ति हैं जो हर जगह चुनाव का ध्रुवीकरण करते हैं। लोग जानते हैं कि लोगों को कौन बांट रहा है। यह आरएसएस भाजपा का एजेंडा है जो लोगों को हर समय ध्रुवीकृत कर रहा है। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव पर कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि चंडीगढ़ में दोनों पार्टी गठबंधन में चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं।

## उमर अब्दुल्ला मर्यादाओं का पालन कर रहे थे : रविन्द्र शर्मा

जम्मू, एजेंसी। कांग्रेस के प्रवक्ता रविन्द्र शर्मा ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना पर कहा कि मुख्यमंत्री संभवतः मर्यादाओं का पालन कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी की जमकर सराहना की। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच एक मर्यादा होती है। शायद उमर अब्दुल्ला उसी मर्यादा का पालन कर रहे थे। हालांकि उन्हें यह भी कहा कि उमर अब्दुल्ला को यह समझना होगा कि हमें जो बहुमत मिला था, वह भाजपा की नीतियों के खिलाफ मिला था। गठबंधन की जीत हुई थी जिसका नेतृत्व उमर अब्दुल्ला कर रहे हैं। जेड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि इस परियोजना को बहुत पहले शुरू हो जाना चाहिए था। इसमें देरी हुई है। केंद्र पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इस परियोजना के अलावा जितने भी प्रोजेक्ट हैं, पूर्व की केंद्र सरकार के दौरान लाए गए। कांग्रेस के समय में आधारशिला रखी गई। केंद्र की मोदी सरकार बस उद्घाटन कर रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू कश्मीर में विकास के लिए अनुच्छेद 370 कभी भी बाधा नहीं था।

# मुफ्त सुविधाएं जारी रहेंगी, केजरीवाल की गारंटी में होंगे 7-8 वादे: सूत्र

नईदिल्ली, एजेंसी। मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, तीर्थ यात्रा और महिलाओं के लिए बस यात्रा के अलावा आप के घोषणापत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया जाएगा।घोषणापत्र का नाम केजरीवाल की गारंटी होगा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा शुरू किए गए मोदी की गारंटी नारे की तर्ज पर होगा। सूत्रों ने बताया कि आप मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सुविधाएं देने की अपनी नीति जारी रख सकती है, जिसके तहत उसके घोषणापत्र में 7-8 चुनावी वादे होंगे। मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, तीर्थ यात्रा और महिलाओं के लिए बस यात्रा के अलावा आप के घोषणापत्र में बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया जाएगा। घोषणापत्र का नाम केजरीवाल की गारंटी होगा, जो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा शुरू किए गए मोदी की गारंटी नारे की तर्ज पर होगा।दिल्ली चुनाव में हैट्रिक बनाने की कोशिश कर रही आप के लिए महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना उसके गेम प्लान के केंद्र में हैं। आप ने वादा किया है कि अगर वह 5 फरवरी को होने वाले चुनाव में जीतती है तो वह दिल्ली में महिला मतदाताओं (गैर-आयकरदाताओं) के लिए मासिक भत्ता 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करेगी। संजीवनी योजना के तहत आप ने 60 वर्ष से अधिक आयु के निवासियों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का वादा किया है। पार्टी ने पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना के तहत 18,000 रुपये प्रति माह मानदेय का वादा करके गुरुद्वारों के पुजारियों और ग्रंथियों को लुभाने का भी प्रयास किया है। ऑटोरिक्शा चालक, जो 2013 में चुनाव की शुरुआत से ही पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन आधार रहे हैं, को सामाजिक कल्याण सुरक्षा जाल का वादा किया गया है। केजरीवाल ने 15 लाख रुपये का जीवन और दुर्घटना बीमा, उनकी बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता और साल में दो बार 2,500 रुपये का वर्दी भत्ता देने का वादा किया है। पार्टी अपने घोषणापत्र में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा खराब पानी के बिलों को माफ करने, घरों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सूचीबद्ध करने का वादा भी कर सकती है। आप ने रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा निजी सुरक्षा गार्डों की भर्ती के लिए धन मुहैया कराने का भी वादा किया है। पार्टी ने कहा है कि प्रत्येक कॉलोनी में सुरक्षा गार्डों की संख्या आरडब्ल्यूए में परिवारों की संख्या के आधार पर होगी।



## पीएम मोदी ने देश के कोने-कोने में विकास किया है : प्रदीप भंडारी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन किया। इस दौरान जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे। उमर अब्दुल्ला ने अपने भाषण के दौरान प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जो वादा किया था, वह निभाया है। मुख्यमंत्री द्वारा पीएम मोदी की तारीफ पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे विकास के कार्य को जब भी कोई महसूस करता है और देखता है तो वह इस सच्चाई से खुद को अलग नहीं कर सकता। उमर अब्दुल्ला जब जमीन पर जाते होंगे तो उन्हें दिखाई देता होगा कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर में ग्राउंड जीरो पर विकास की गंगा बहाई है। आज जम्मू में रिकॉर्ड स्तर पर टूरिस्ट आ रहे हैं।

# 31 मंत्रियों के रिपोर्ट कार्ड, अचानक सुरजेवाला ने ली कर्नाटक में सीएलपी की बैठक

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक के प्रभारी एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर संभावित सत्ता परिवर्तन के बारे में चल रही अटकलों को संबोधित करते हुए अफवाहों को मनगढ़ंत बताया। इस बीच, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार ने नियमित मूल्यांकन के हिस्से के रूप में सुरजेवाला को राज्य के 31 मंत्रियों की प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट सोमवार को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) कार्यालय में प्रस्तुत की गई, जिसमें मंत्रियों के विभागों के प्रबंधन के काम और पार्टी संगठन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया।




बैठक के बाद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बताया कि हमारी अब तक हुई दो बैठकों का एजेंडा और सीएलपी की तीसरी बैठक जो जल्द ही होगी, बहुत सरल है। सबसे पहले, इस महीने की 21 तारीख को बेलगाम में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली आयोजित की जाएगी, जहां इसे पहले स्थगित कर दिया गया था। रैली का उद्देश्य आपको पहले ही विस्तार से बताया जा चुका है। उन्होंने आगे कहादूसरा, हम पूरे कर्नाटक में 100 गांधी भारत कार्यालय खोलने जा रहे हैं। फरवरी में किसी समय बेंगलुरु से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इसकी आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने उनसे एक तारीख आवंटित करने का अनुरोध किया है। पार्टी के सभी विधायकों, मंत्रियों और अन्य साथियों को बुलाने का एक मकसद ये भी था कि अंतिम रूप और ढांचा तैयार करने के लिए करीब 74 जगहों पर पहले से ही जमे हुए हैं। बाकी को अब हमारे कार्यकारी अध्यक्षों और पार्टी द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। तीसरा, बेलगाम में सीडब्ल्यूसी द्वारा तय किए गए अनुसार यह संगठन का वर्ष है। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि जहां तक रायपुर निर्णय है और पार्टी की जोधपुर घोषणा के अनुरूप हम अब पंचायत स्तर पर कांग्रेस कमेटी, वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटी और मध्यस्थ मंडल कमेटी का गठन करेंगे।

# अनुपम खेर ने की रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात, जताया आभार

मुंबई, एजेंसी। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए अभिनेता ने रेल मंत्री का आभार भी जताया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता कभी राजनीतिक तो कभी फिल्मी हस्तियों के साथ मुलाकात की झलक अक्सर साझा करते रहते हैं। रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के साथ मुलाकात की तस्वीर को इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, रेलवे और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव जी, आपकी गर्मजोशी और सराहना के लिए धन्यवाद। आज आपके कार्यालय में आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा।

आपका काम करने का उत्साह और ईमानदारी शानदार और आगे बढ़ाने वाला है! आप आगे भी बेहतर प्रदर्शन करते रहें! जय हो! अनुपम खेर की सोशल मीडिया पर खासा उपस्थिति रहती है। दोस्तों के साथ छुट्टियां मनाने की झलक हो या फिर फिल्म का प्रमोशन या मजाकिया पोस्ट किसी भी मामले में वह पीछे नहीं रहते और प्रशंसकों को लेटेस्ट पोस्ट के साथ रूबरू कराते रहते हैं। हाल ही में कई तरह की मिठाइयों से सजे एक वीडियो को साझा करते हुए उन्होंने प्रशंसकों से पूछा था कि आपकी पसंदीदा मिठाई कौन सी है? इसके साथ ही उन्होंने खुद के मिठाई न खा पाने पर मलाल भी किया। इंस्टाग्राम पर वीडियो को साझा करते हुए खेर ने कैप्शन में लिखा था, चलिए! बताइये! इस वीडियो में कितनी प्रकार की मिठाइयां हैं और इनमें से आपकी पसंदीदा कौन सी है? वीडियो में पारंपरिक मिठाइयों के साथ ही पेस्ट्री भी है। खेर ने अफसोस जताया और लिखा, मैं यह सब नहीं खा रहा। अनुपम खेर के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता ने हाल ही में निर्देशक विक्रम भट्ट की आगामी तुमको मेरी कसम' की शूटिंग पूरी की है। फिल्म में खेर के साथ अभिनेत्री ईशा देओल हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म में अनुपम, ईशा के साथ अदा शर्मा और ईशाक सिंह मुख्य भूमिका में हैं।



# गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर दिखेगी उत्तराखंड की संस्कृति की झलक

अल्मोड़ा, एजेंसी। दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह में कर्तव्य पथ पर सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा के कलाकार अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे. अल्मोड़ा की संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकार कुमाऊं के प्रसिद्ध लोकनृत्य छपेली पर प्रस्तुति देंगे. छपेली कुमाऊं के पर्वतीय अंचल के सबसे ज्यादा लोकप्रिय लोकगीतों में शुमार है. जिसका गायन खास मौकों पर किया जाता है. कलाकारों का किया गया चयनः कुमाऊं की लोक संस्कृति की विभिन्न विधाएं हैं. कुमाऊंनी छपेली, उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में गाए जाने वाला एक पारंपरिक लोकगीत है और यह एक नृत्य गीत है, जिसे जोड़ और आलाप के साथ गाया जाता है. छपेली लोकनृत्य उल्लासपूर्ण संगीत के साथ भावपूर्ण होता है. जिसमें सजीव और अर्थपूर्ण नृत्य की भाव भंगिमाएं होती हैं. समिति के प्रकाश बिष्ट ने बताया कि इसके लिए दल के कलाकारों को चयनित किया गया है, जिसका नेतृत्व ललित मोहन बिष्ट कर रहे हैं. रिर्हसल के बाद टीम रवानाः यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व संगीत नाटक अकादमी के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है. जिसमें देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 5000 कलाकार हिस्सा ले रहे हैं. एक महीने की रिर्हसल के बाद कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को सभी कलाकार लोक संस्कृति की प्रस्तुति देंगे. जिसका नृत्य संयोजन जाने माने कोरियोग्राफर अकुर पठान, संजय शर्मा, कल्पेग सुभाष, शुभम पटेल और उनके 11 सदस्यीय दल द्वारा किया जा रहा है. जनप्रतिनिधियों और सांस्कृतिक प्रेमियों ने जताई खुशीः इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड के सांस्कृतिक संस्था संस्कार सांस्कृतिक समिति के 50 कलाकारों का चयन किया गया है. अल्मोड़ा के कलाकारों का चयन होने पर विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविन्द सिंह कुंजवाल, सांस्कृतिक निदेशालय उत्तराखंड की निदेशक बीना भट्ट समेत कई सांस्कृतिक प्रेमियों ने खुशी व्यक्त की है.









# त्रिवेणी तट पर नागा साधु बने आकर्षण का केंद्र

## महिला नागा संन्यासी भी जुटीं

"पुरुष नागा साधुओं के साथ ही महिला नागा संन्यासियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। पुरुष नागाओं की तरह ही महिला नागा संन्यासी भी उसी ढंग से तप और योग में लीन रहती हैं। फर्क सिर्फ इतना होता है कि ये गेरुआ वस्त्र धारत करती हैं उसमें भी ये बिना सिलाया वस्त्र धारण करती हैं। उन्हें भी परिवार से अलग होना पड़ता है। खुद के साथ परिवार के लोगों का पिंड दान करना होता है तब जाकर महिला नागा संन्यासी बन पाती हैं। जब एक बार महिला नागा संन्यासी बन जाती हैं तो उनका लक्ष्य धर्म की रक्षा, सनातन की रक्षा करना होता है। इस महाकुम्भ में हर कोई इनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आ रहा है।

## घोड़ों पर सवार होकर और पैदल चल रहे नागा साधुओं ने युद्ध कला का किया प्रदर्शन

**प्रयागराज (चेतना मंच)।** महाकुम्भ 2025 के प्रथम अमृत स्नान के दौरान नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अमृत स्नान के लिए ज्यादातर अखाड़ों का नेतृत्व कर रहे इन नागा साधुओं का अनुशासन और उनका पारंपरिक शस्त्र कौशल देखने लायक था। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजते और अठखेलियां करते हुए ये साधु अपनी परंपरा और जोश का प्रदर्शन कर रहे थे।

महाकुम्भ में स्वामी कैलाशानंद गिरी ने सैकड़ों शिष्यों के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। इस अवसर पर उन्होंने इस अनुभव को शब्दों से परे बताया, इसे साधु-संतों की तपस्या, साधना और श्रद्धा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि स्नान से साधु-संतों को अपने इष्ट देवों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लॉरेन पावेल, स्टीव जॉब्स की पत्नी, स्वामी जी की शिष्या हैं और सनातन धर्म सीख रही हैं। स्वामी जी ने महाकुम्भ को सनातन धर्म के वैश्विक वैभव का प्रमाण बताया और मीडिया की भूमिका की सराहना की।

### घोड़ों पर और पैदल निकली शोभा यात्रा



अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े। नगाड़ों की गूंज के बीच उनके जोश ने इस अवसर को और भी खास बना दिया। त्रिशूल और डमरू के साथ उनके प्रदर्शन ने यह संदेश दिया कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति और मनुष्य के मिलन का उत्सव है।

शोभायात्रा के दौरान मीडिया ही नहीं, बल्कि आम श्रद्धालुओं के मोबाइल के कैमरे भी नागा साधुओं को कैप्चर करने के लिए हवा में लहरा रहे थे। नागा भी किसी को निराश नहीं कर रहे थे, बल्कि वो अपने हाव भाव से उन्हें आमंत्रित कर रहे थे। कुछ नागा तो आंखों में काला चश्मा लगाकर आम लोगों से इंटरैक्ट भी कर पा रहे थे। उनकी इस स्टाइल को हर कोई कैद कर लेना चाहता था। यही नहीं, नागा साधु नगाड़ों की ताल पर नृत्य करते हुए अपनी परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी जोश और उत्साह से भरपूर गतिविधियों ने श्रद्धालुओं के बीच अपार उत्साह पैदा किया। जितने उत्साहित नागा साधु थे, उतने ही श्रद्धालु भी उनकी हर गतिविधि को देख मंत्रमुग्ध हो गए।

स्नान के दौरान भी नागा साधुओं का अंदाज निराला था। त्रिवेणी संगम में उन्होंने पूरे जोश के साथ प्रवेश किया और बर्फ के समान पानी के साथ ऐसे अठखेलियां कीं जैसे वो गुनगुने पानी में उतरे हों। इस दौरान सभी नागा आपस में मस्ती करते नजर आए। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ भी अठखेलियां कीं और कैमरामैन पर पानी छिड़क दिया।

### हाथों में तिरंगा थामे अमृत स्नान करने पहुंचा झारखंड का जत्था

"महाकुम्भ के मकर संक्रांति स्नान पर्व पर प्रयागराज संगम तट पर उमड़ी भीड़ में सामाजिक एकता के साथ ही राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाली आवाजें भी सुनाई देती रहीं। एक ओर अमृत स्नान के लिए निकलने वाले अखाड़ों के साथ चल रहे श्रद्धालु जगह-जगह पर भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाते दिखे तो दूसरी ओर स्नान करने के लिए आए श्रद्धालुओं का जत्था हाथों में तिरंगा थामे राष्ट्रीय एकता का संदेश देता दिखाई दिया।

### राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत दिख रहे श्रद्धालु

"झारखंड से मकर संक्रांति स्नान पर्व पर स्नान करने महाकुम्भ प्रयागराज पहुंचे मनोज कुमार श्रीवास्तव अपने जत्थे के साथ हाथों में तिरंगा थामे और भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते संगम की ओर बढ़ते दिखे। उनके जत्थे में मौजूद सभी सदस्य उनके साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते दिखाई दिए। मनोज के साथ स्नान करने महाकुम्भ मेले में पहुंचा 55 लोगों का जत्था काफी उत्साहित दिखाई दिया।

### साफ सफाई से दिख रहे प्रभावित



"मनोज ने कहा कि महाकुम्भ पर्व हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर वे हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामकर और राष्ट्र प्रेम के नारे लगाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित कर रहे हैं। मनोज ने इस मौके पर महाकुम्भ मेले में स्नान के दौरान साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की तारीफ की। उनके साथ आए श्रद्धालुओं ने भी कुम्भ स्नान के लिए की गई व्यवस्थाओं की तारीफ की।


## महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान पर नजर आया एकता का महाकुम्भ

महाकुम्भनगर। मकर संक्रांति पर महाकुम्भ में भारत के हर राज्य और हर जाति लोगों ने एक साथ संगम में अमृत स्नान किया। इसके साथ दुनिया भर के कई देशों के श्रद्धालु भी पहुंचे और जय श्री राम, हर हर गंगे, बम बम भोले के उद्घोष के साथ भारतीय जनमानस के साथ घुल मिल गए। पहले अमृत स्नान पर महाकुम्भ नगर में एकता का महाकुम्भ नजर आया। यहां भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत विदेशी नागरिकों ने परिवार के साथ पहुंचकर गंगा स्नान किया। जय श्री राम, हर हर गंगे का नारा लगाकर लोग उत्साह से लबरेज नजर आए।



### रेत तक नजर नहीं आई

"महाकुम्भ के इस ऐतिहासिक मौके पर संगम का तट भारतीय और विदेशी श्रद्धालुओं से पूरी तरह से भर गया। आस्था का ऐसा संगम हुआ कि संगम की रेत तक आज पहले अमृत स्नान पर नजर नहीं आ रही थी। हर जगह सिर्फ मुंड ही मुंड नजर आ रहे थे। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश समेत हर राज्य, हर जाति के लोग और अन्य देशों से आए विदेशी नागरिकों ने गंगा के पवित्र जल में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। अमेरिकी, इजरायली, फ्रांसीसी समेत कई अन्य देशों के नागरिक गंगा स्नान करते हुए भारत की सनातन संस्कृति से अभिभूत हुए। वे भी बम बम भोले के नारे लगाते हुए उत्साह से झूमते नजर आए।



### विदेशियों को ऊर्जा और सुकून दे रहा महाकुम्भ

महाकुम्भ में मकर संक्रांति अमृत स्नान का हिस्सा बने विदेशी नागरिक जैफ ने कहा कि मैं अमेरिका से हूं लेकिन मैं लिस्बन, पुर्तगाल में रहता हूं। मैं दक्षिण भारत की यात्रा कर रहा था। कल वाराणसी के रास्ते यहां पहुंचा। मुझे यहां की ऊर्जा बहुत शांत और सुकून देने वाली लगती है और हर कोई बहुत दोस्ताना सा लगता है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़े मंदिर जैसा लगता है। मैं यहां की सुव्यवस्था और स्वच्छता देखकर चकित हूं। हर 15 मीटर पर कूड़ेदान उपलब्ध हैं। इसी तरह, ईरान से आई एक महिला ने कहा कि हम 9 लोगों का एक समूह हैं। हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से यहां आए हैं। मेरे पति और मैं दुबई और लिस्बन के बीच रहते हैं। हमारा यहां पहली बार आना हुआ है। कुम्भ बहुत ही सुव्यवस्थित है। यह प्रभावशाली है। हम एक बहुत अच्छी टेंट कॉलोनी में रह रहे हैं। एक अन्य अमेरिकन सिटीजन पॉला ने टूटी फूटी हिंदी में कहा कि आज बहुत उत्तम दिन है। इस उत्तम दिन पर साधुओं के साथ स्नान करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। ये हमारा सौभाग्य है कि महाकुम्भ में आने का अवसर मिला और संन्यासियों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

## महाकुम्भ में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा का पहरा





**प्रयागराज (ब्यूरो)।** महाकुम्भ-2025 के सकुशल आयोजन के लिए मकर संक्रान्ति स्नान पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक पी0ए0सी0 सुजीत पाण्डेय, पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा, मण्डलायुक्त प्रयागराज विजय विश्वास पन्त, पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र प्रयागराज प्रेम कुमार गौतम द्वारा संगम क्षेत्र स्थित इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (ICCC) से श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात व सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया गया एवं उच्चाधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र में निरन्तर भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। जिससे कि श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित एवं सुखद अनुभूति प्रदान की जा सके।




## फिर से जमेगी अक्षय के साथ इस अभिनेत्री की जोड़ी, प्रियदर्शन की भूत बांग्ला में लगाएंगी तड़का

प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी, भूत बंगला में बॉलीवुड अभिनेत्री की एंट्री कंमर्फ हो चुकी है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी है। ड्यून- प्रोफेसी में जबर्दस्त अभिनय के बाद आखिरकार, तब्बू ने खुलासा किया है कि वह आगे क्या करने की योजना बना रही हैं। प्रियदर्शन के निर्देशन में अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी, भूत बंगला में वह अगली बार नजर आएंगी। इसका खुलासा खुद तब्बू ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किया। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर घोषणा करते हुए एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर शेयर की, जिस पर लिखा था भूत बांग्ला। उनके इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, हम यहां बंद हैं। तब्बू की इस पोस्ट के बाद उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं कि भूल भूलैया 2 के बाद अब वह तब्बू को फिल्म भूल बंगला में हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का लगाते देख पाएंगे।

### हॉरर-कॉमेडी फिल्म है भूत बंगला

2000 की फिल्म हेरा फेरी में अक्षय और तप्पू साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने ही किया था। कुछ समय से ऐसी अफवाहें चल रही थीं कि तब्बू भी इस ड्रामा में शामिल होंगी, लेकिन प्रशंसक आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहे थे। आखिरकार, तब्बू की इंस्टाग्राम पोस्ट ने खुलासा कर ही दिया है कि वह भूत बंगला का हिस्सा हैं और इस हॉरर कॉमेडी में वह एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं। 2026 में आने वाली फिल्म भूत बांग्ला में अक्षय कुमार और तब्बू के अलावा परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और असरानी जैसे कई बेहतरीन कलाकार नजर आ सकते हैं।





## वेब सीरीज पिरामिड में एक जर्नलिस्ट का किरदार निभा रही हैं हेली शाह

**हेली शाह को इन दिनों वेब सीरीज पिरामिड में देखा जा रहा है। इसमें रोहन मेहरा, हर्षद अरोरा, करण शर्मा, क्रिस्टन बैरेटो भी हैं। हेली ने खास बातचीत की।**

**सीरीज की कहानी और अपने किरदार के बारे में बताइए?**
मेरे किरदार का नाम वृंदा है। वह जर्नलिस्ट है। उसके बहुत सारे सपने हैं। अपने पापा के साथ रहती है। वृंदा ने क्रिप्टो करेंसी यानी डिजिटल मनी में इन्वेस्टमेंट किया होता है। उसे उम्मीद है कि बहुत ज्यादा रिटर्न मिलेगा, जो उसे ऑन एप में दिख भी रहा होता है। लेकिन इसमें कई ट्विस्ट एंड टर्न आते हैं। यह कैसी स्कीम है, कैसे स्कैम होता है, यह शो देखने पर पता चलता है।

**रियल लाइफ में किस ऊंचाई पर पहुंचने की ख्वाहिश रखती हैं?**
मुझे नहीं लगता है कि मेरे दिमाग में कोई एक सेट लिमिट है। बतौर ह्यूमन ग्राउंडेड रहना चाहती हूं। मैं कुछ न कुछ नई चीजें सीखते रहना चाहती हूं और उसी से आगे भी बढ़ना चाहती हूं। हाइपोथेटिकली अगर बोलना चाहूं, तब नहीं बोल सकती कि एकदम टॉप पर पहुंचना चाहती हूं। लेकिन जर्नी कभी खत्म नहीं होती है। इस जर्नी में बहुत कुछ सीखते और सुधारते हुए आगे बढ़ते हैं। यह आखिर तक चलता रहता है।

**रोहन मेहरा के साथ शूटिंग करने का एक्सपीरियंस कैसा रहा?**
रोहन के साथ शूट करने में बहुत मजा आया। न सिर्फ रोहन, बल्कि पूरी स्टार कास्ट नीरज, हर्षद, करण आदि के साथ शूटिंग की बहुत फन जर्नी रही। रोहन के साथ ही मैक्सिमम सीन हैं। उनके साथ काम करना बड़ा दिलचस्प रहा। हमारा एक शेड्यूल मनाली में भी था, जो काफी इंटरेस्टिंग था। वहां की लोकेशन मनलुभावन रही। लेकिन मैं जैसे ही मनाली पहुंची, वैसे ही बीमार पड़ गई।

**बतौर फीमेल लीड रोल प्ले करने का कितना प्रेशर होता है?**
यह सही है कि ओटीटी पर मेल सेंट्रिक शो आते हैं। उनकी वजह से शो चल रहा है, यह भी सही है। क्योंकि ऐसी कई सारी वेब सीरीज हैं, जिसमें मेल कैरेक्टर ही शो को आगे बढ़ाता है और लोगों को पसंद आता है। लेकिन मैं अपने आपको बहुत ग्लैड और खुशनसीब समझती हूं कि कुछ लोग ऐसे शो बनाना चाह रहे हैं, जिसमें फीमेल सेंट्रिक कैरेक्टर हो। मैं ग्लैड हूं कि पिरामिड मिला। उससे भी बड़ी बात यह है कि मेरे किरदार वृंदा के साथ ही सारी चीजें होती हैं। ईमानदारी से कहूं तो यह शो करके बहुत खुश हूं।



## इमरजेंसी देखने को उत्साहित सलमान खान

कंगना रनौत ने हाल ही में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती पर बात की और बताया कि बॉलीवुड के भाईजान और उनकी दोस्ती वर्षों पुरानी है। कंगना ने यह खुलासा भी किया कि उन्हें सलमान खान के साथ काम करने के कई मौके मिले, लेकिन दोनों कभी परदे पर साथ काम नहीं कर पाए। कंगना ने कहा, आप सलमान खान को देखें तो उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है, लोग उन्हें प्यार करते हैं, जो उन्हें प्यार करते हैं वो उनसे प्यार करते रहेंगे, लेकिन जो लोग उन्हें परेशान करने वाले होते हैं, वो जाहिर तौर पर उनसे नफरत करेंगे। कंगना ने बताया कि उन्हें बजरंगी भाईजान और सुल्तान जैसी फिल्में ऑफर की गईं, लेकिन उन्होंने मना कर दिया, कंगना ने कहा कि भले ही उन्होंने सलमान की ऑफर की गई फिल्में ठुकरा दीं, लेकिन एक्टर उनके प्रति हमेशा दयालु बने रहे। कंगना ने आगे कहा, सलमान और मेरी आज भी बात होती है, वे इमरजेंसी देखने के लिए भी उत्साहित हैं। हमारा एक कॉमन फ्रेंड है, उन्होंने उसे भेजा और कहा कि तुम जाकर देखो कि उसने कौन सी फिल्म बनाई है। कंगना के मुताबिक सलमान ने उन्हें फोन भी किया, इस पर कंगना ने कहा, तो तुम्हारे पास खबर है, लेकिन तुमने खुद फिल्म नहीं देखी। बता दें कि इमरजेंसी17 जनवरी को रिलीज हो रही है।



## रेसिंग करियर के बीच अजित ने अभिनय और सिनेमा को लेकर दिया बड़ा बयान

साउथ सुपरस्टार अजित ने एक इंटरव्यू में अभिनेता ने अपने अभिनय और रेसिंग करियर के बारे में बात की। उन्होंने आगे कहा कि रेसिंग सीजन शुरू होने तक वह कोई भी फिल्म साइन नहीं करेंगे और अक्तूबर से मार्च के बीच अभिनय करने की योजना बना रहे हैं।

### फिल्मों में अभिनय कब करेंगे अजित

अजित ने इस बारे में बात की कि क्या उनके फिल्म अनुबंध उन्हें फिल्मों की शूटिंग के साथ-साथ रेसिंग करने की अनुमति देते हैं? अजित ने कहा, नहीं। मुझे यह बताने की जरूरत नहीं है कि क्या करना है, क्या नहीं करना है। फिलहाल, मैं मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने की योजना बना रहा हूं, न केवल एक ड्राइवर के रूप में बल्कि एक टीम के मालिक के रूप में भी। जब तक रेसिंग सीजन चालू नहीं हो जाता, मैं फिल्में साइन नहीं करूंगा और संभवतः अक्तूबर से मार्च के बीच, रेसिंग सीजन शुरू होने से पहले मैं शायद फिल्में करूंगा। मैं फिल्मों में अभिनय करूंगा, ताकि कोई भी चिंतित न हो और जब मैं रेस करूं तो मैं पूरी तरह से तैयार रहूं।

### अजित का रेसिंग करियर

अपनी बातचीत के दौरान उन्होंने रेसिंग में आने के बारे में भी बताया। अजित ने कहा, मैं 18 साल का था जब मैंने भारत में मोटरसाइकिल रेसिंग शुरू की। और फिर मैं काम में व्यस्त हो गया, लेकिन मैंने 20-21 साल की उम्र तक मोटरसाइकिल रेसिंग की और फिर 1993 तक इसे जारी रखा। फिर मैं फिल्म उद्योग में आ गया और मैं 2002 में 32 साल का था, जब मैंने मोटर रेसिंग में वापस आने का फैसला किया, लेकिन मोटरसाइकिल में नहीं, चार पहिया वाहनों में।

### रेसिंग के मालिक भी हैं अजित

अजीत कुमार रेसिंग के मालिक भी हैं। उनकी टीम पोर्श 992 क्लास में अपने साथियों मैथ्यू डेट्री, फैबियन डफीक्स और कैमरन मैकलियोड के साथ भाग लेगी। वहीं, बात करें अभिनेता की फिल्मों के बारे में तो वह दो बहुप्रतीक्षित फिल्मों को लेकर भी सुर्खियों में बने हुए हैं, पहली विदामुयार्ची और दूसरी गुड बैड अग्ली। विदामुयार्ची पहले पोंगल पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे टाल दिया गया है और अब इसकी आधिकारिक नई रिलीज डेट का इंतजार है।

### इस दिन रिलीज होगी गुड बैड अग्ली

वहीं, बात करें अजित की दूसरी फिल्म गुड बैड अग्ली के बारे में तो यह फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। गुड बैड अग्ली बॉक्स ऑफिस पर पैन इंडिया स्टार प्रभास की द राजा साब के साथ क्लैश होगी। फिल्म में अजित के साथ तृषा, प्रसन्ना और सुनील भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## भारत में म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स टूर शुरू करेंगी जसलीन रॉयल



भारत में काउंटडाउन शुरू हो गया है। पॉप सेंसेशन और चार्ट-टॉपर, जसलीन रॉयल कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स टूर की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। केवल एक हफ्ते से कम का समय बचा है, उसके बाद देशभर में हर तरफ कोल्डप्ले के कॉन्सर्ट का जादू देखने को मिलेगा। जसलीन ने अपने हालिया पोस्ट से फैंस का उत्साह भी दोगुना कर दिया है।

### कॉन्सर्ट के लिए तैयार हैं जसलीन

हाल ही में, सोशल मीडिया पर कॉन्सर्ट के लिए नोट्स के साथ अपनी तैयारी की एक तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने कहा, 'लाइफ लेटली। सिंग, स्लीप, कडल, रिपीट। वन वीक टू गो फॉर द कोल्डप्ले- म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स इंडिया टूर।' जसलीन भारत की लोकप्रिय पॉप आइकन हैं। आने वाले कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जसलीन रॉयल का लेटेस्ट ट्रैक साहिबा है। जसलीन के हालिया पोस्ट पर लोगों ने कमेंट कर पूछा कि अब उनका अगला गाना कब आएगा। एक यूजर ने लिखा, आपको लाइव देखने का बेसब्री से इंतजार है। दूसरे यूजर ने लिखा, मेरा दिन आपके गानों से ही शुरू होता है। सच में आपको देखने का बेसब्री से इंतजार है।

### सिंगिंग के साथ यह काम भी करेंगी जसलीन

जसलीन कॉन्सर्ट में गाने के साथ-साथ उसे परफॉर्म, कम्पोज, सॉन्ग राइटिंग और प्रोड्यूसिंग भी करेंगी। यही नहीं, यह दावा भी किया जा रहा है कि जसलीन इस कॉन्सर्ट में एकमात्र भारतीय गायिका होंगी। जसलीन अपने फैंस को आने वाले कॉन्सर्ट को लेकर अपनी तैयारी के बारे में पूरी तरह से अपडेट करती हैं। वह इस कॉन्सर्ट को लेकर वह बहुत उत्साहित हैं।

बता दें कि भारत में कोल्डप्ले कॉन्सर्ट को लेकर लोगों में अलग ही क्रेज देखने को मिल रहा है। फैंस की दीवानगी का ऐसा आलम है कि कॉन्सर्ट की टिकटें चंद मिनटों में बिक गईं। फैंस के क्रेज को देखते हुए बुक माय शो ने लोगों के लिए बोनस टिकटों की घोषणा की है।



## मुझे कभी भी अपनी बात रखने का नुकसान नहीं उठाना पड़ा

आज से तकरीबन दो दशक पहले गुल पनाग ने मिस इंडिया बनने के बाद फिल्म धूप से अपने फिल्मी जीवन का आगाज किया था। मगर बीते सालों में उन्होंने काफी चुनिंदा काम किया। चुनिंदा काम करने का कारण वे बताती हैं, मुझे लगता है कि जो भूमिकाएं आपको आकर्षित करें, आपको उन भूमिकाओं से जुड़ना चाहिए। मुझे खुशी है कि मैंने जितना भी काम किया है, वह पसंद किया गया और उस काम ने मुझे खुशी दी। मेरी ग्लैमरस इमेज भी काफी हावी रही मगर ओटीटी में मेरे चरित्रों ने उस अवधारणा को भी तोड़ा और मैंने ही नहीं, बल्कि दर्शकों ने भी मुझे नए तरीके से खोजा।

फिल्में हों या वेब सीरीज, गुल पनाग ने हमेशा से महिलावादी किरदारों को जीवंत किया है। वे निजी जिंदगी में एक एनजीओ भी चलाती हैं जो जेंडर इक्वैलिटी, शिक्षा, समानता जैसे मुद्दों पर काम करता है। महिला मुद्दे पर वे अपनी राय कहती हैं, लड़कियों को लेकर मुझे जो बात सबसे ज्यादा परेशान करती है, वह ये कि वे स्वयं को सीमाओं के अंदर बांधकर खुद के दायरे बना लेती हैं। देखिए महिलाओं के लिए सामाजिक दायरे तो होते ही हैं, फिर उसके भीतर वे अपनी तरक्की और सोच का दायरा संकुचित क्यों कर लेती हैं? उनकी यही सोच उनकी उन्नति में रुकावट बन जाती है। सदियों से हम लड़कियों की एक खास तरह से कंडीशनिंग की गई है कि ऐसे रहो, ये मत करो, वह मत करो और इन हदों में हम खुद के लिए और हद बनाकर बंध जाते हैं। हम लड़कियों को अपने दायरे कभी सेट नहीं करने चाहिए। उल्टा समाज के दायरों को तोड़ कर आगे बढ़ना होगा।

### मुझे स्टैंड लेने का खामियाजा कभी नहीं भुगतना पड़ा

गुल पनाग अपनी बेबाकी के लिए भी खूब जानी जाती हैं। वे सामाजिक या राजनैतिक मुद्दों पर अपनी राय रखने से हिचकिचाती नहीं हैं। क्या उन्हें इसका कभी खामियाजा भुगतना पड़ा है? इस सवाल पर वे कहती हैं, मुझे लगता है कि ये संभव है कि आप अपने विचार रखें और लोगों को आहत करने की कोशिश न करें। मैं राजनीति की बात नहीं कर रही। मैं सामाजिक ध्रुवीकरण की बात कर रही हूं। कई बार लोग हटकर दिखने या बनने के लिए अपना पक्ष रखते हैं। बुनियादी तौर पर मेरा मानना है कि आप बिना आक्रामक और कठोर बने अपनी बात कह सकते हैं। मैंने जब भी अपना पक्ष रखा है, उन सामने वाले के नजरिए को समझते हुए रखा है। मुझे कभी भी नैतिक या सिद्धांतवादी मुद्दों पर अपना पक्ष रखने का खामियाजा नहीं भुगतना पड़ा। मैंने कई लोगों से सुना है कि अपनी बात रखने पर उनके साथ उत्पीड़न हुआ, मगर मुझे कभी भी अपनी बात रखने का नुकसान नहीं उठाना पड़ा। सभी जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रही हूं। मैं इस वक्त उस मुद्दे पर बात नहीं करना चाहती, मगर इतना जरूर कहूंगी कि जब भी अपना मत रखती हूं, पब्लिसिटी या लोगों को तंग करने के लिए नहीं रखती।

### वर्तमान में जीने में यकीन करती हूं

मिस इंडिया का खिताब जीत चुकी गुल ऐक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमर्शल पायलट, बाइक राइडर भी हैं, राजनीति में रुचि रखती हैं और महिला मुद्दों को लेकर एनजीओ भी चलाती हैं। असल जिंदगी में वे मां भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा मजा किस काम में आता है? इस सवाल के जवाब में वे कहती हैं, मैं भले कई चीजों में माहिर हूं, मगर हमेशा उस पल में जीना पसंद करती हूं, जो उस वक्त चल रहा होता है। आपको भले ये फलसफा लगेगा, मगर ये सच है कि इससे पहले जो हुआ, वह बीत चुका है और जो होने वाला है, वह हमें पता नहीं, मगर ये जो चल रहा है, ये मेरी जिंदगी का अहम मोमेंट है। जब मैं बाइक राइड करती हूं, तो उसके मजे लेती हूं। जब घर पर होती हूं, तो वह पल मेरे लिए बहुत जरूरी होता है। मैं जब, जिस पल लोगों के साथ रहती हूं, उन्हें वक्त देती हूं, उन्हें प्रोत्साहित करती हूं और उस वक्त को अपने साथ-साथ दूसरों के लिए भी यादगार बनाती हूं।

### मेरा किरदार मनोरमा सिक्स फीट अंडर से प्रभावित है

गुल पनाग ने ओटीटी पर द फैमिली मैन, रंगबाज फिर से, गुड बैड गर्ल, पाताल लोक सीजन वन और टू में काम किया है। अपनी नई वेब सीरीज में भूमिका के बारे में वह कहती हैं, सीजन वन में मेरी भूमिका अगर लोगो को पसंद आई, तो इसका श्रेय इसके क्रिएटर सुदीप शर्मा और अविनाश को जाता है। इस किरदार को लिखा काफी खूबसूरती से है। छोटा किरदार होने के बावजूद यह अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहा। एक अभिनेत्री के रूप में मेरी खोज यही रहती है कि मैं ऐसे चरित्र निभाऊं, जो या तो मैंने पहले अनुभव नहीं किए हैं या फिर जो मैंने अपने आस-पास देखे नहीं हैं। रेनू जैसा किरदार मैंने कभी अदा नहीं किया था। गुल पनाग के रूप में मेरी जो छवि है, मेरा चरित्र उससे काफी अलग है। इस सीरीज को देखने वाले कई लोगों ने मेरी भूमिका देखा कर कहा, ओह, वह तुम थी! तो मेरी भूमिका ने उन्हें इस कदर चौंकाया। इससे थोड़ा मिलता-जुलता किरदार मैंने निभाया था, मनोरमा सिक्स फीट अंडर में। सुदीप उसी चरित्र से प्रभावित थे। मेरे लिए पाताल लोक मेरी जिंदगी और माइंड की वह जगह है, जहां आप दोबारा नहीं जाना चाहते। भगवान और शैतान दोनों ही हमारे भीतर होता है, मगर हम शैतान को नहीं देखना चाहते।

# एवीआरडब्ल्यूए ने निकाला वेटरन्स-डे मार्च

**नोएडा (चेतना मंच)।** अरुण विहार रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (एवीआरडब्ल्यूए) द्वारा कल वेटरन्स डे मार्च निकाला गया तथा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यह मार्च वीर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया गया था, जिन्होंने देश की सेवा में अपना सर्वस्व अर्पित किया। यह मार्च अरुण विहार के महत्वपूर्ण स्थलों से होकर गुजरा। इनमें करगिल चौक, फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ चौक, शहीद स्मारक, विजय दिवस चौक, और IPKF मेमोरीज़ वॉल जैसे स्मारक शामिल हैं।

एवीआरडब्ल्यूए ने बेहतर इंतजाम के लिए पुलिस के एसीपी प्रवीण कुमार तथा उनकी टीम को बधाई दी तथा आभार जताया।






# अग्रवाल मित्र मंडल ने बांटी खिचड़ी व कम्बल



**नोएडा (चेतना मंच)।** अग्रवाल मित्र मंडल सेक्टर-33 नोएडा द्वारा मकर संक्रांति पर खिचड़ी एवं कम्बल का वितरण किया गया। खिचड़ी एवं कम्बल वितरण के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस मौके पर अग्रवाल मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महासचिव मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष पुनीत गर्ग कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल सह संयोजक मनोज गोयल, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जैन, संजय गोयल, मोहनलाल गुप्ता, अशोक गोयल, सुरेश गुप्ता, आर.एस अग्रवाल, श्रीकांत बंसल, रवि गर्गेश, प्रदीप अग्रवाल, केशव गंगल, अनुज मंगल, बाबूलाल बंसल, मूलचंद गुप्ता, पंकज अग्रवाल, कृष्ण स्वरूप गोयल, रोहतास गोयल, राधे श्याम गोयल,नरेश गर्ग आलोक गुप्ता, सत्य प्रकाश, आर.के गोयल, तुषार गोयल और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नोएडा में 72 एंबुलेंस बीमार, नोटिस जारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिले में संचालित 72 एंबुलेंस भगवान भरोसे चल रही हैं। यह वह एंबुलेंस हैं जिनकी फिटनेस एक्सपायर हो चुकी है और उसके बाद भी बिना फिटनेस टेस्ट कराए इनके संचालक इनका प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में मरीजों के लिए ये खतरे से कम नहीं हैं। कभी भी कोई दुर्घटना इन खराब हो चुकी एंबुलेंस के चक्कर में हो सकती है या बीच रास्ते में खराब होने पर सीरियस मरीज की जान भी जा सकती है।




अहम यह है कि बीते छह माह में इनकी संख्या कम होने की जगह और बढ़ गई है। जून 2024 में ऐसी एंबुलेंस की संख्या 60 थी छह माह बाद यह संख्या बढ़कर 72 पहुंच गई हैं। एक बार फिर से विभाग की ओर से इन्हें नोटिस तो जारी किया ही गया है। साथ ही इन्हें फिटनेस कराने के लिए सख्त हिदायत भी दे दी गई है। जाहिर है कि जिले में कुल 647 एंबुलेंस का संचालन हो रहा है। हर दो साल में इनकी फिटनेस करानी पड़ती है। फिटनेस खत्म होने से 30 दिन पहले ही एंबुलेंस संचालक के मोबाइल पर मैसेज भेजा जाता है कि यह जल्द से जल्द एंबुलेंस की फिटनेस करा लें। इसके अलावा फिटनेस खत्म होने के बाद विभाग की ओर से नोटिस जारी किया जाता है। एंबुलेंस को सड़क पर दौड़ते हुए पकड़ने पर पांच हजार रुपये जुर्माने का भी प्रावधान है।

# मकर संक्रांति पर खिचड़ी खिलाकर कम्बल बांटे

**नोएडा (चेतना मंच)।** श्रीराम मित्र मंडल नोएडा ने सेक्टर-9 स्थित अपने कार्यालय में धूमधाम से मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन किया। संस्था के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग, अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया एवं उन्हें मकरसंक्रांति की शुभकामनाएं दीं। मकरसंक्रांति उत्सव के अवसर पर खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किये।



इस अवसर पर सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल प्रदान किया गया।

इस अवसर पर श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता, राजकुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग,सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, एस.एम.गुप्ता, अर्जुन अरोड़ा, मुकेश गुप्ता, मुकेश अग्रवाल,पवन गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकान्त मिश्रा, रामेन्द्र सिंह, राकेश सोनी, मुकेश गर्ग सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# खिचड़ी सहभोग में चखा स्वाद

**नोएडा (चेतना मंच)।** खिचड़ी महापर्व के अवसर पर गायत्री वाटिका सोसायटी , सेक्टर 121, पुश्ता रोड, काली मंदिर के पास, के निवासियों ने खिचड़ी सहभोज का बड़े पैमाने पर आयोजन किया। जिसमें लगभग दो हजार लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किए किया गया।



जानकारी देते हुए ओ पी श्रीवास्तव संयोजक ने बताया कि इस कार्यक्रम में सतेन्द्र जैन, आशीष सिंह, उमाकांत तिवारी, प्रदीप कुमार अदक, मनोज कुमार मिश्रा सुनील श्रीवास्तव, अनंता, नीरज सिंह, नौशाद अली, मुस्कान कुरेशी, सहित सोसायटी के अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा स्पेशल स्कूल एंड थेरेपी ने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए एक कार्यक्रम (अभिव्यक्ति 1.0) का आयोजन पंचशील बालक इंटर कॉलेज में किया जिसमें नोएडा के स्पेशल स्कूल के साथ-साथ अन्य स्पेशल स्कूलों के दिव्यांग बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक तेजपाल नागर रहे। तेजपाल नागर ने नोएडा स्पेशल स्कूल को शुभकामनायें दी और बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दिव्यांग बच्चों में भी प्रतिभा छिपी होती है। ईश्वर ने सभी को कुछ न कुछ हुनर दिया है। कार्यक्रम में उपस्थित धनंजय जी एस एच ओ, प्रशांत शुक्ला, डॉ नीरज टंडन एवं विकास पंडित ने भी बच्चों का हौंसला बढ़ाया।

कार्यक्रम में नोएडा स्पेशल स्कूल के बच्चों ने गणेश वंदना व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत करके सभी का दिल जीत लिया।

नोएडा स्पेशल स्कूल की संस्थापक सुश्री अनीता सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट की प्रस्तुति दी तथा सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने इन बच्चों से यदि कुछ लिया है तो कुछ स्पेशल दिया भी है। हमारा स्कूल बस इन बच्चों की प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता रहा है और करता रहेगा।

कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के अभिभावक व शिक्षक भी शामिल हुए।

# सैक्टर-105 आरडब्ल्यूए ने धूमधाम से मनाई मकर संक्रांति

## सफाईकर्मी व उद्यानकर्मियों को बांटे शॉल, जरूरतमंदों को कराया भोजन

**नोएडा (चेतना मंच)।** आरडब्ल्यूए सेक्टर-105 के अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय के आवास पर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया। इस दौरान सेक्टर के सफाईकर्मी, उद्यान कर्मी आदि जरूरतमंद लोगों को गरम चादर, शॉल का वितरण किया गया तथा भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर जिला जज देवप्रिय सारस्वत, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी बबीता नागर ने संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष दिव्य कृष्णात्रेय, महासचिव राजीव दुबलिश, कोषाध्यक्ष करण मनोचा ने मुख्य अतिथि और गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मनु भूमि के अध्यक्ष मोनू चौहान, सुशील ढींगरा (चार्टर्ड अकाउंटेंट), बिसन सिंह शर्मा, ओमदत्त शर्मा, मनबोद्ध यादव, समाजसेवी कपिल चौहान, डॉ. निलम भाटी, श्रीमती रानी गौतम, श्रीमती पूजा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन मनाया



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा कांग्रेस के नेताओं ने महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव का जन्मदिन महानगर कांग्रेस कार्यालय सेक्टर -52 पर मनाया।

इस अवसर पर नेताओं ने केक काटकर तथा पगड़ी पहनाकर अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तथा हिमाचल प्रदेश के प्रभारी लियाकत चौधरी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा, सतपाल गर्ग, अरुण प्रधान, सतीश पांचाल, अरुण कुमार,सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# नोएडा में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष चौकसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** सड़क सुरक्षा को बढ़ाने और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए जनवरी महीने में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत शहर में जन जागरूकता के लिए अभियान चलाए जा रहे है। जिससे सडक दुर्घटना होने वाले मृत्यु को कम किया जा सके।




डीसीपी ट्रैफिक लखन यादव ने बताया कि जनवरी 2025 को यातायात सड़क सुरक्षा माह के तौर पर मनाया जा रहा है। इसके लिए लक्ष्य रखा गया है कि हर वर्ष जितनी मृत्यु सड़क दुर्घटना में होती है, उसका आधा ही इस वर्ष होना चाहिए। इसी क्रम में गौतमबुद्ध नगर यातायात पुलिस और सिविल पुलिस ने जन जागरूकता के लिए अभियान चला रही जिसमें हार्डिंग, पोस्टर्स, बैनर लगाये जा रहे है। सभी सोसाइटी, स्कूल, कॉलेज यहाँ पर जाकर सभी को अवगत कराया जा रहा है। चौराहे पर नुक्कड़ नाटक एनजीओ का साथ लेकर सभी को जनजागरूकता की जा रही है। साथ ही में प्रवर्तन की कार्रवाई भी लगातार चल रही है। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि एक्सप्रेसवे के संबंध में गति सीमा पहले से ही निर्धारित की जा चुकी है और उसका कड़ाई से पालन भी किया जा रहा है।




# पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने दी श्रद्धांजलि

## ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के पिता व पुत्र को अर्पित किया श्रद्धासुमन

**नोएडा (चेतना मंच)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के स्वर्गीय पिता विद्याराम शर्मा एवं उनके पुत्र स्वर्गीय वैभव शर्मा की आठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। चिटहेड़ा गांव में स्थित पंडित विद्याराम शर्मा स्मरण स्थल पर पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा के पुत्र वैभव शर्मा का 8 वर्ष पूर्व एक एक्सीडेंट में निधन हो गया था। इस सदमे को श्री शर्मा के पिता विद्याराम शर्मा सह नहीं पाए और अगले दिन उनका भी स्वर्गवास हो गया। पंडित पीतांबर शर्मा ने अपने स्वर्गीय पिता एवं बेटे की याद में अपने फार्म हाउस पर मंदिर का निर्माण करा कर उसमें मूर्ति स्थापित कराई। प्रत्येक वर्ष पुण्यतिथि पर परिजनों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों द्वारा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।





मंगलवार को चिटहेडा गांव स्थित पंडित विद्याराम शर्मा फार्म हाउस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, दिल्ली के पूर्व विधायक भीष्म शर्मा, एमएलसी श्रीचंद शर्मा पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जीके गौड, फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, प्रकाश अस्पताल के अध्यक्ष डॉ वी एस चौहान, एनईए के पूर्व अध्यक्ष चौधरी कुशल पाल, नियम शर्मा, ज्ञानचंद शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, बालचंद वर्मा, डॉ. वंदना वशिष्ठ, पीके शर्मा, मदन शर्मा, राजू शर्मा, सुभाष शर्मा दुजाना, समीर शर्मा, आशुतोष शर्मा, अमित भारद्वाज, प्रीति भारद्वाज, मुकेश गौतम, श्रीमती नीलम गोस्वामी, गायत्री तिवारी, एडवोकेट्स परमिंदर भाटी, राजीव डोंगर, मुकेश सिसोदिया, महेश गुप्ता, नीरज शर्मा, देवी शरण शर्मा, चमन लाल शर्मा, हरिओम शर्मा, पूर्व प्रधान राज सिंह भाटी, राजकुमार, भाजपा नेता वीरपाल, अतुल शर्मा, विनोद, नरेश पाल कौशिक, पीके शर्मा, रामवीर शर्मा सहित विभिन्न जनपदों से आए लोगों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा, उनके भाई अशोक शर्मा एवं उनके सुपुत्र कपिल शर्मा ने श्रद्धांजलि सभा में आए लोगों का आभार व्यक्त किया।

